# गेलैक्सी एक्सप्रेस

जहाँ बच्चें परमेश्वर की
महानता को देखते हैं



# मुख्य पुस्तिका

## गैलेक्सी एक्सप्रेस वी.बी.एस. कार्यक्रम में आपका स्वागत है!

सब कुछ तैयार है आपके "उड़ान" भरने के लिए और आपकी कलीसिया और समूह में बच्चों के लिए एक सप्ताह तक विशेष कार्यक्रम करने के लिए जो हमेशा के लिए उनके जीवन को बदल सकता है!

शिक्षक चर्च हॉल या स्थल को एक अंतरिक्ष शटल, 'गैलेक्सी एक्सप्रेस' में बदलने का आनंद लेंगे, जहां हर दिन पूरा समूह परमेश्वर के चमत्कारों का पता लगाने के लिए बाहरी अंतरिक्ष में 'उड़ान' भरेगा। जब बच्चे अंतरिक्ष जहाज में उड़ान भरेंगे, तो वे बाएँ और दाएँ झुकते हुए आनंद लेंगे क्योंकि वे कल्पना करेंगे कि उल्कापिंडों से बचते हुए विमान को मोड़ रहे हैं। उड़ान भरने और उतरने के ऑडियो ट्रैक बच्चों की कल्पना को जीवंत कर देगा, और साथ ही साथ कप्तान और उसके सहायक रोबोट के साथ प्रतिदिन के नाटक भी शामिल होंगे।

प्रत्येक दिन आप बच्चों को चांद, या किसी सितारे या अन्य कोई एक ग्रह के किसी अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर ले जाएंगे, जहां वे मूसा के जीवन के आधार पर परमेश्वर की महानता के बारे में सीखेंगे। हर कोई संगीत के साथ गाना गाने और साथ ही उनकी मुद्राओं को भी करते हुए गायन का आनंद उठायेंगे।

"पुल" पर के समय के बाद, बच्चे अपनी आयु-समूह के आधार पर कक्षाओं में विभाजित होंगे और बंदरगाह की तरफ जाएंगे, जहां वे पाठ के लिए एक अंतरिक्ष अमलीकरण को सीखेंगे, साथ ही वे अपने विद्यार्थी पुस्तकों में काम भी करेंगे। कक्षा के बाद, वे पूरे यान के अंदर घूमेंगे, और शिल्प-कला के रूप में इंजीनियरिंग का काम करेंगे और उसके बाद नाश्ते के लिए मैस हॉल (भोजनालय) में जाएंगे। इन छोटे समूहों में, आपके छात्र एक दूसरे को और उनके शिक्षकों को आपस में जानेंगे और नई दोस्ती का निर्माण करेंगे जो पूरे साल तक बनी रहेगी।

सभी बच्चों को एक साथ इकट्ठा करने के लिए नई सी डी "गैलेक्सी एक्सप्रेस" में से कोई एक गाना बजाया जा सकता है ताकि मनोरंजन कक्ष में कुछ मजेदार खेल या क्रियाकलाप के साथ वी बी एस को समाप्त किया जा सके। दिन के अंत को किसी गाने या प्रार्थना के साथ समाप्त करें और अगले दिन वापस वी बी एस में उनको आमंत्रित करने के लिए मत भूलना!

मुझे उम्मीद है कि आपको इस वेकेशन बाइबल स्कूल में काफी मजा आएगा और आशा करती हूं कि आप इसमें बहुत सारे रचनात्मकता को जोड़ते हुए इसे "इस दुनिया के पार" पहुंचा देंगे!

# विषयसूची


| | |
|---|---|
| परिचय | 1 |
| क्रेडिट्स | 2 |
| नेविगेशन पैनल | 3 |
| इस कार्यक्रम को कैसे इस्तेमाल करना है | 5 |
| अतिरिक्त विचार | 9 |
| पाठ 1 | 11 |
| पाठ 2 | 15 |
| पाठ 3 | 19 |
| पाठ 4 | 22 |
| पाठ 5 | 26 |
| गाने | 26 |
| फोटोकॉपी के लिए संसाधन | 30 |
| पूरा कार्यक्रम मुफ्त ऑनलाइन | 34 |



"गेलैक्सी एक्सप्रैस" - "बच्चे महत्वपूर्ण हैं" द्वारा सभी अधिकार सुरक्षित। हमारे सामग्री डाउनलोड, उपयोग, मुद्रण और अन्य चर्च और संगठनों मे वितरण के लिए मुफ्त है।



अधिक जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें:
blessy@equipandgrow.org or +91 96560 75587


सभी इंजील एनआईवी से और हिंदी बीएसआई से ली गई है।


Equip & Grow
बच्चें महत्वपूर्ण है


## पूरी टीम को धन्यवाद!

Editor: Kristina Krauss
Creative Team of CAI: Angie Moses, Blessy Jacob, Dwight Krauss, Jacob Kuruvilla, Jennifer Sánchez, Jetender Singh, Julio Sánchez, Mike Kangas, Prajwal Sharma, Rubén Darío, Suki Kangas, Verónica Toj, and Vickie Kangas.

# नेविगेशन पैनल

आम अवलोकन







## परमेश्वर को पुकारें

मूसा का जन्म

परमेश्वर
**महान है**

पाठ के दौरान जब भी विद्यार्थी “परमेश्वर को पुकारें” सुनेंगे, तब विद्यार्थियों को अपने दोनों हाथों को परमेश्वर की ओर उठाते हुए और कूदते हुए यह प्रतिक्रिया करनी होगी “प्रभु, हमारी मदद करो!”

“मैं ऊंचे शब्द से यहोवा को पुकारता हूं, और वह अपने पवित्र पर्वत पर से मुझे उत्तर देता है।” भजन संहिता 3:4

## परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें

मूसा और जलती हुई झाड़ी

परमेश्वर
**अविश्वसनीय है**

इस पाठ के दौरान, जब कभी बच्चे यह सुनते हैं “परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें” तो उन्हें अपने हाथ कान पर रखते हुए “हां प्रभु!” कहते हुए प्रतिक्रिया करने दो’ अगला, अपने पैरों को एक सैनिक की तरह पटकते हुए बोलने दो “मैं यहां हूं!”

“मैं किस को भेजूं, और हमारी ओर से कौन जाएगा?” तब मैं ने कहा, “मैं यहां हूं! मुझे भेज!” यशायाह 6:8

## परमेश्वर की आज्ञा मानें

मिस्र में विपत्तियां

परमेश्वर
**अनोखा है**

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी “परमेश्वर की आज्ञा मानें” सुनते हैं, तब उन्हें खड़े होना है और अपने आसपास चलते हुए, दूसरे विद्यार्थियों से अपनी सीट बदलनी होगी, और “मुझे बढ़ते रहना होगा” कहते हुए प्रतिक्रिया करें।

और जो उस की आज्ञाओं को मानता है, वह इस में, और यह उस में बना रहता है: और इसी से, अर्थात उस आत्मा से जो उस ने हमें दिया है, हम जानते हैं, कि वह हम में बना रहता है। 1 यूहन्ना 3:24

## परमेश्वर पर आशा रखें

दिन में बादल और रात में आग का खम्भा

परमेश्वर
**चमत्कारी है**

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी “परमेश्वर पर आशा रखें” सुनते हैं, तब उन्हें कूदना है और अपने हाथों से बोक्सिंग करनी होगी, और फिर कहना होगा कि “मैं तैयार हूँ”, उसके बाद अपने दोनों हाथों को जोड़कर “पर मुझे इंतजार करना होगा” कहते हुए बैठ जाएं।

क्योंकि यहोवा न्यायी परमेश्वर है; क्या ही धन्य हैं वे जो उस पर आशा लगाए रहते हैं! यशायाह 30:18

## परमेश्वर की आराधना करें

लाल समुद्र को पार करना


परमेश्वर
**अद्वैत है**

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी “परमेश्वर की आराधना करें” सुनते हैं, तब विद्यार्थियों को अपने हाथों को आकाश की ओर उठाकर “मैं आपकी आराधना करता हूँ” कहते हुए आगे पीछे अपने हाथों को हिलाते हुए प्रतिक्रिया करनी होगी।

याह की स्तुति करो! ईश्वर के पवित्रस्थान में उसकी स्तुति करो; उसकी सामर्थ्य से भरे हुए आकाशमण्डल में उसी की स्तुति करो! भजन संहिता 150:1

| भोजनालय | कैडेट क्लास | इंजीनियरिंग | अंतरिक्ष खेल |
|---|---|---|---|

रोबट



टेलिस्कोप




मूसा एक टोकरी में



एक शब्द बनायें


स्वाद की परीक्षा

---

मूसा की जलती झाड़ी



आश्चर्यजनक आकार




जलती झाड़ी



पीने का रिलै दौड


केला खाने की दौड़

---

विपत्तियॉं



गति




“अपने जूते उतारो”



मजेदार ध्वनि प्रभाव

चिपचिपा सिर

---

बादल की खम्बें



स्पेस शटल्स




गैलेक्सी एक्सप्रेस रॉकेट



कागज़ के भाले भिड़ाना

एक पिरामिड बनाओ

---

सूखी जमीन पर सागर पार



सुपर नोभास




लाल सागर पार करना



उल्कापिंड पकड़

केक रिलै

# इस कार्यक्रम को कैसे इस्तेमाल करना है

## आसान वी. बी. एस.

आपके पास आपके हाथों में एक सरल, आसानी से योजना बनाने लायक, और असानी से आयोजित किया जा सकने वाला एक वी. बी. एस. है। बस किसी एक तारीख को चुनें, कुछ स्वयंसेवकों को इकट्ठा करें, समुदाय के आसपास कुछ निमंत्रण पोस्टर लटकायें, और पूरी तरह से उसे चलाने के लिये आप तैयार हो जाते हैं!

बहुत सारे स्टाफ/स्वयंसेवक हों, तो इसमें शामिल हर जन के लिये यह वी. बी. एस. बहुत ही मजेदार हो जाता है, इसलिए हम ने अधिक लोगों को शामिल करने के लिए विभिन्न भूमिकाओं में काम बांट दिया है।

यहाँ आपके वी. बी. एस. के काम के बोझ को विभाजित करने के लिए हमारे पास कुछ सुझाव हैः

- एक वी. बी. एस. निर्देशक
- गानों को नेतृत्व करने के लिये एक अगुवा
- मुख्य पाठ को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक
- नाटक के लिए दो अभिनेता (कप्तान और रोबोट)
- एक कक्षा संयोजक (विद्यार्थियों के किताबों और पाठ समीक्षा के लिए)
- एक शिल्पकला संयोजक
- एक जलपान संयोजक
- एक खेल संयोजक
- प्रत्येक छोटे समूह के लिए 6-10 अगुवों की जरूरत होगी, जो आपके वी. बी. एस. में उपस्थित बच्चों की संख्या पर निर्भर करता है।

## नाटक / रेखाचित्र

प्रत्येक दिन कप्तान बच्चों का नेतृत्व अंतरिक्ष यान, 'गैलेक्सी एक्सप्रेस' में एक सवारी पर अपने सहायक रोबोट की मदद से करेगा ।

आपका कप्तान एक गंभीर व्यक्ति है क्योंकि उसके ऊपर यान की पूरी जिम्मेदारी है, साथ ही साथ सप्ताह भर बच्चों को आत्मिक बातों को प्राप्त करने की क्षमता का भी। वह दर्शकों से अपने सहायक रोबोट का परिचय कराता है किः वह एक नटखट और कभी कभी खराब होने वाला रोबोट है। कभी कभी जब वह रोबोट बात कर रहा होता है, तब बीच में वह अलग तरीके से गुनगुनाता और अजीब शब्दों को निकालता है। उसे चलायमान रखने के लिये हमेशा उसके जोड़ों को तेल की जरूरत होती है।

प्रत्येक दिन कप्तान और रोबोट उस दिन के मुख्य बातों को बतायेंगे, तथा बच्चों को सुनना और प्रतिक्रिया करनी होगी। कप्तान अंतरिक्ष अमलीकरण करने की विधि को बच्चों के छोटे समूहों कों बताएगा।

हर दिन वी बी एस शुरू होने से पहले नाटक के लिये विचार दिया गया है, लेकिन आप उनसे दिन को समाप्त भी कर सकते हैं, या नाटक के पात्रों को खेल में भाग लेने दें, या हर जगह जाने और कक्षाओं में जाकर सबसे मिलने दें। बच्चों को कप्तान और रोबोट से मिलने में और उन्हें जानने में बहुत मजा आयेगा!

## जीओ, एक्शन में!

प्रत्येक दिन, विद्यार्थी उस दिन के लिए एक वाक्य को सीखेंगे, और उसके साथ उसकी मुद्राओं (एक्शन) को भी करते हुए प्रतिक्रिया करनी होगी। यह गतिविधि काफी महत्वपूर्ण है, ताकि मुख्य प्रचार के दौरान आपके विद्यार्थी ऊब नहीं जाएं, लेकिन यह आपके पूरे वी. बी. एस. को खास बनाएगा। आपके पूरे वी.बी.एस. के दौरान, जब भी अगुवा उस दिन के वाक्य का उल्लेख करें, तो विद्यार्थियों को उसकी प्रतिक्रिया और उसके साथ का एक्शन भी करना आनी चाहिए। वे उसे कप्तान और रोबोट के साथ के नाटक के दौरान सीखेंगे, और आप उसे पूरे दिन में जरूरत के अनुसार उपयोग कर सकते हो।



### प्राप्त होने वाले संदेश ...

"परमेश्वर को पुकारें!"

हर बार जब भी विद्यार्थी यह सुनेंगे "परमेश्वर को पुकारें" तब विद्यार्थियों को कूदते हुए अपने दोनों हाथों को परमेश्वर की ओर उठाते हुए यह कहना होगा "प्रभु, हमारी मदद करो"।



# कार्यक्रम अनुसूची

(ढाई घंटे का कार्यक्रम)

**विस्फोट!**
(गाने - 20 मिनट
आरंभिक नाटक - 10 मिन)





**मिशन नियंत्रण से अत्यावष्यक संदेश ...**
(मुख्य पाठ और याद करने की आयत - 20 मिनट)

स्टेशनों के लिए ...




(खाने का कमरा) (जलपान स्टेशन और अंतरिक्ष अमलीकरण)

स्टेशन, प्रत्येक के लिए 20 मिनट





(शिल्पकला स्टेशन)





(विद्यार्थियों के किताब और समीक्षा स्टेशन)

वापस पुल की तरफ चलें ...




**अंतरिक्ष खेल**
(खेल - 30 मिनट)

**कैडेटों को विदा करना**
(समापन गीत और घोषणाएँ - 10 मिनट)



## स्टेशनों के चक्कर लगाना

**प्रत्येक दिन के बीच में, बच्चों को तीन समूहों में बांटा जाएगा और विभिन्न स्टेशनों में बारी बारी से उन्हें चक्कर लगाना होगाः भोजनालय (जलपान और अंतरिक्ष अमलीकरण), इंजीनियरिंग (शिल्प कला), और कैडेट कक्षा (विद्यार्थी किताबें और पाठ समीक्षा)। इन स्टेशनों के बारे में अगले पृष्ट में और अधिक पढ़ें।**

## खेल

इस कार्यक्रम के खेल को खेलने के लिए सभी बच्चों को एक बड़े समूह में एक साथ बैठकर टीमों में विभाजित होना होगा। (आप दो टीम से लेकर चार टीम तक बना सकते हैं।) सबसे आसान होगा लड़कों को लड़कियों के खिलाफ प्रतियोगी बनाना। प्रत्येक खेल के लिए, हर टीम उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए कुछ लोगों को आगे भेजेगी जबकि बाकी जन चिल्लायेंगे, जय जय करेंगे, और अपनी कुर्सियों पर बैठकर हँसते हुए उनकी मदद करेंगे, ताकि बच्चें ऊब न जायें। प्रत्येक दिन कई सारे अलग अलग खेल खेलें, संक्षिप्त अवधि के लिए, प्रतिनिधियों को बदलते हुए।

एक विचार उन छात्रों को चुनने के लिए जो खेल में सामने आकर भाग लेंगे, अच्छा रहेगा कि वी. बी. एस. के अन्य गतिविधियों के दौरान जो विद्यार्थी अच्छा बर्ताव करते हैं उन को चुनें। चुनें हुए उन बच्चों को कुछ दें या पकडाएं जिससे यह पता चल सके कि वे खेलने के लिए चुने गए है। जैसे कि उनके गले में कुछ टांगने के लिये हो सकता है, कलाई पर बांधने के लिये कुछ हो सकता है, या एक कार्ड हो सकता है जो वे अपनी जेब में रख सकते हैं। प्रत्येक खेल के लिए, अगर आप समय से पहले ही अच्छी तैयारी करेंगे तो, खेल और बेहतर होगा। आप कुछ चमकीले कपड़े विद्यार्थियों को पहनायें या सामने रखने को दें, खेल के समय में ध्वनि प्रभाव या संगीत हो और शायद सजावट के लिए मजेदार कुछ चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। (हमने गैलेक्सी एक्सप्रेस सीडी पर चलाने के लिए एक खेल-समय गीत प्रदान किया है।) अपने वी.बी.एस. को और मजेदार बनाने के लिये कुछ सस्ती चीजों को और जोड़ें। तो हो जाओ तैयार और मजे करो!

# जलपान स्टेशन







भोजनालय

## जलपान स्टेशन

यहाँ आपको निर्देश दिया जाएगा कि पकवान कैसे बनाया जाना चाहिए। आपको यह ध्यान में रखते हुए काम करना होगा कि विद्यार्थी उस पकवान को खाने से पहले एक शिल्पकला की तरह उसे बनाने का मजे लें। उन्हें यह भी सिखाना न भूलें कि वे काम पूरा करने के बाद सब कुछ साफ करके ही जाएं।

**फैक्टोइड़** (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)


जलपान के समय के दौरान, अंतरिक्ष अमलीकरण पर विद्यार्थियों के साथ चर्चा करें और यह भी कि यह उनके पाठ और दैनिक जीवन से कैसे संबंधित है। जलपान और अंतरिक्ष अमलीकरण के बारे में अधिक सूचना भोजनालय के अगुवे की पुस्तिका में दिया गया है।





इंजीनियरिंग

## शिल्पकला स्टेशन

यहाँ आपको आवश्यक सामग्रियों और निर्देशों के साथ शिल्पकला करने का एक विचार मिलेगा। गेलैक्सी एक्सप्रेस वी. बी. एस. कार्यक्रम में सभी शिल्पकला ऐसे तैयार किये गए है कि एक शिल्प के लिये एक कागज का उपयोग किया जा सके, और खर्चा भी कम से कम हो। दिये गए रेखाचित्रों को कंप्यूटर से डाउनलोड करें, और शिल्पकला की जानकारी के लिए निर्देशक की पुस्तिका और इंजीनियरिंग के अगुवों की पुस्तिका को देखें। साथ ही, इंजीनियरिंग अगुवों की पुस्तिका में फोटोकॉपी करने के लिए रेखाचित्र दिये गये हैं।




कैडेट वर्ग


## विद्यार्थी किताबें और समीक्षा स्टेशन

यहाँ आपको सांकेतिक भाषा में बाइबल के कहानियों में के कुछ प्रमुख शब्दों के लिए निर्देश मिलेगा। कहानी की समीक्षा करें, इन शब्दों को सांकेतिक भाषा में सिखायें। फिर विद्यार्थी के किताबों को सबको बाँटे और पहेली बुझाने में मदद करें। यह जानकारी कैडेट कक्षा के अगुवों की पुस्तिका में भी दी गयी है।

परिवार

अंगूठे से तर्जनी को चक्र के आकार बनाके छुना।







बच्चों के मध्य की जाने वाली सेवकाई अक्सर सबसे ज्यादा अनदेखी की जाने वाली, कम से कम बजट वाली और मसीही सेवकाईयों में सबसे अधिक टर्नऑवर देनी वाली एक सेवकाई होती है। लेकिन ऐसे लाखों बच्चें है जिन्हें यीशु के बारे में बताये जाने की आवश्यकता है!

यही कारण है कि “इक्विप एंड ग्रो” में हमारा मानना है कि "बच्चे महत्वपूर्ण हैं" और हम अपना खुद का, पूर्ण और सही मायनों में संडे स्कूल पाठ्यक्रम के साथ-साथ वेकेशन बाइबल स्कूल (वीबीएस) पाठ्यक्रम तैयार करने, प्रशिक्षण सामग्री, बच्चों के सेवकाई के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने और अन्य संसाधन तैयार करने और आपकी मदद करने के लिए समर्पित हैं।
इक्विप एंड ग्रो 60 से अधिक देशों और 27 भाषाओं में निःशुल्क संसाधन और सेवा प्रदान करती है!

**इक्विप एंड ग्रो भारत में बच्चों के सेवकाई *2017* से कर रही है**
**और कई संडे स्कूल और वीबीएस पाठ्यक्रम अब अंग्रेजी और हिंदी के साथ-साथ *5***
**अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध कर दिया गया है**
**- हम इस दर्शन से अनुवाद कार्य को चला रहे हैं कि हम जल्द ही**
**सभी पाठ्यक्रमों का सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर सकेंगे *!***



Equip & Grow
बच्चें महत्वपूर्ण है

हमारी सभी सामग्रियां डाउनलोड करने, प्रिंट करने और उपयोग करने के लिए बिल्कुल मुफ़्त हैं।
आप इसमें अपनी कलीसिया का नाम और बच्चों की कार्यपुस्तिकाएँ आदि में अपना लोगो भी जोड़ने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं।
वेबसाइट के द्वारा विभिन्न भाषाओं में सभी संसाधनों तक पहुंचना काफ़ी आसन है - अपनी पसंदीदा भाषा चुनने के लिए केवल भाषा विकल्प को चुनें!

**www.ChildrenAreImportant.com**

# अतिरिक्त विचार

## अतिरिक्त हस्तशिल्प



इस तस्वीर को गोंद और रंग के पाउडर के साथ बनाया जाता है।
यह एक सुपरनोवा की तरह, खुशी और प्रशंसा के विस्फोट का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यह वह ख़ुशी है जो हम तब महसूस करते है जब हम "परमेश्वर कौन है और उसने हमारे लिए क्या किया है" उसके बारे में सोचते है। एक शीर्षक कह सकते हैं, "मैं परमेश्वर की सेवा करूँगा।"

क्राफ्ट कार्यकलापः अंतरिक्ष से पृथ्वी की तस्वीर।

1. एक काला मार्कर का उपयोग करते हुए एक कागज तौलिया के बीच में एक बड़ी सर्कल खींचे।
2. पृथ्वी को रंग करने के लिए छात्रों को हरे रंग के मोटे मार्कर दीजिए। अगला, वे नीले रंग से पानी को रंग करेंगे।
3. अब इसे पानी के साथ रंग करें। उन्हें पूरे सर्किल को गीला करना होगा और रंगों को आपस में मिलते हुए देखें।
4. एक बार जब यह सूख जाता है, तब काली रेखाओं को काटें और उनकी तस्वीरों को काले पन्ने पर चिपकाएं।




## कक्षा गतिविधि

कक्षा क्रियाकलाप प्रत्येक बच्चे अपने स्वयं के बादल बनाता है। कक्षा कई सारे बादलों को इकट्ठा करके बादल का खम्भा बनाती है। बादल बनाने के लिए उसके आकार को बनाइए, उसे काटें और उस पर रंग का पाउडर चिपकाएं।





यहां एक मजेदार अतिरिक्त शिल्पकला है जिसे आप उपयोग कर सकते हो! एक छड़ी को एक तरफ से आग की तरह और दूसरी तरफ से बादल के खम्भे के रूप में सजायें!



ये पोशाक आपके शिक्षकों को वी.बी.एस के स्वाद को बढ़ाने में इस्तेमाल करने के लिए अच्छा लगेगा! टिनफोइल या भूरे रंग के टेप से 2 लीटर का सोढ़ा बोतल को ढक दें। टिशू पेपर की लौं बनाकर चिपकाएं और पीठ पर एक मजबूत धागे या रस्सी से बांध लें। आपके छात्रों को "जेट पैक" पहनना काफी अच्छा लगेगा।

बच्चें आपके वी.बी.एस. में फोटो खिंचवाना पसंद करेंगे।






## कार्यकलापः चंद्रमा के खड्ड

आटे के मिश्रण बनाएं, इस में छोटे कंकड़ गिराइए। खड्ड अपनी आंखों के सामने बनते हुए देखिये!


आटे का मिश्रणः आटे के चार कप और तेल की 1/2 कप



# 1 पहला जलयात्रा
## परमेश्वर को पुकारें



# अंतरिक्ष बंदरगाहः नेबोकोपियो





## विस्फोट!
आरंभिक नाटक




कप्तान बच्चों को एक सप्ताह के एक मजेदार रोमांच के सैर के लिये स्वागत करता है जहाँ वे आकाशगंगा के इस यात्रा के दौरान परमेश्वर की महानता को देखेंगे। इसके बाद, वह अपने सहायक, रोबोट का परिचय कराता है। कप्तान उन्हें बताता है कि वे आज शनि पर यात्रा करेंगे और अंतरिक्ष स्टेशन “नेबूकोपियो” में जाएंगे जहाँ वे एक शानदार दूरबीन का उपयोग बहुत दूरी को देखने के लिए करेंगे। कप्तान यह भी बतायेगा कि प्रत्येक दिन वे परमेश्वर की महानता के बारे में सीखेंगे, एक शानदार, पुरानी, बहुत पुरानी किताबः बाइबल से। कप्तान विषय गीत का परिचय बच्चों को ऐसा चिढ़ाते हुए करें कि मुझे लगता है आप सब अंतरिक्ष की यात्रा के लिये अभी तैयार नहीं हो, तब रोबोट उन्हें गीत के साथ तैयार होने में मदद करेगा। यात्रा प्रस्थान करने के लिये गायक अगुवा मुख्य गीत को गाने में अगुवाई करें। विषय गीत गाने के बाद, आप प्रस्थान करने वाले आवाजों की ट्रेक का इस्तेमाल करते हुए यात्रा करें और यात्रा के साथ नाटक को जारी रखें।

अंतरिक्ष यान "गैलेक्सी एक्सप्रेस" का सामना उल्कापिंडों के एक समूह से होता है, और किसी उल्का से टकराने से बचने के लिए उन्हें अपनी दिशा बदलती रहनी होगी। रोबोट बहुत घबराया हुआ है और अधिक आवाज़ कर रहा है क्योंकि उसे दुर्घटनाग्रस्त होने का डर है और कप्तान उसे परमेश्वर से मदद माँगने के लिए पुकारना सिखाता है।

कप्तान दर्शकों में बैठे बच्चों को उस दिन के वाक्य, "परमेश्वर को पुकारें" को सुनने और इस वाक्य "प्रभु, मेरी मदद करो!" के साथ प्रतिक्रिया करना सिखाता है। जबकि बच्चे उछलकर खड़े होते हैं और परमेश्वर की ओर अपने हाथों को फैलाते हैं। रोबोट भी ऐसा ही करने की कई बार कोशिश करता है और विद्यार्थियों के साथ उन शब्दों और क्रियाओं को सीखता है।

अंत में वे सुरक्षित होते हैं, और वापस शनि की ओर यात्रा करते हैं। रोबोट सोचता है कि ग्रह के चारों ओर के रिंग एक आम रास्ता है जो कि तीव्र यात्रा में उनकी मदद करेगी। अब उन्हें नीचे उतरने में परेशानी हो रही है, इसलिए रोबोट को दर्शकों के साथ फिर से परमेश्वर की ओर देखकर चिल्लाना होगाः “परमेश्वर को पुकारें” और सब प्रतिक्रिया करेः “प्रभु, मेरी मदद करो!”

वे थल पर समय पर सुरक्षित बाइबल के अंतरिक्ष प्रशिक्षण के लिए उतरते हैं! (दर्शकों के साथ एक मजेदार उतराव के बाद, मुख्य पाठ को शुरू करें)



## प्राप्त होने वाले संदेश ...
(आयत)

“मैं ऊंचे शब्द से यहोवा को पुकारता हूं, और वह अपने पवित्र पर्वत पर से मुझे उत्तर देता है।.”
भजन संहिता 3:4




## मिशन नियंत्रण से तत्काल सूचना
मुख्य अध्याय

मूसा का जन्म

बहुत दिनों के बीतने पर मिस्त्र का राजा मर गया। और इस्त्राएली कठिन सेवा के कारण लम्बी लम्बी सांस लेकर आहें भरने लगे, और पुकार उठे, और उनकी दोहाई जो कठिन सेवा के कारण हुई वह परमेश्वर तक पहुंची। और परमेश्वर ने उनका कराहना सुनकर अपनी वाचा को, जो उस ने इब्राहीम, और इसहाक, और याकूब के साथ बान्धी थी, स्मरण किया। और परमेश्वर ने इस्त्राएलियों पर दृष्टि करके उन पर चित्त लगाया।
निर्गमन 2:23-25

निर्गमन के अध्याय 2 में बाइबल हमें दिखाता है कि परमेश्वर के लोगों ने एक महत्वपूर्ण पाठ सीखा था जो आज हम सीखेंगे। जब हमें किसी बात में सहायता की जरूरत होती है तब हमें परमेष्वर को पुकारने की आवश्यकता होती है!



## संदेश रिलै

“परमेश्वर को पुकारें!”

पाठ के दौरान जब भी विद्यार्थी "परमेश्वर को पुकारें " सुनेंगे, तब विद्यार्थियों को अपने दोनों हाथों को परमेश्वर की ओर उठाते हुए और कूदते हुए यह प्रतिक्रिया करनी होगी "प्रभु, हमारी मदद करो!"

इस्राएली गुलामी में थे और अपने जीवन में मुसीबत का सामना कर रहे थे। ऐसे बहुत से गरीब लोग होते हैं, जिनके पास खाने के लिए भी बहुत कम होता है। कभी-कभी हमें ऐसा महसूस होता है कि स्कूल में हमारा मजाक उड़ाया गया या चिढ़ाया गया हो या शायद हम अपने अन्दर संघर्ष कर रहे होते हैं क्योंकि हमारे माता-पिता हर समय झगड़ते रहते हैं। यही वह समय होता है जब हमें परमेश्वर को पुकारने की जरूरत है! इस समय के दौरान भी परमेश्वर के लोग न केवल बहुत गरीब और भूखे थे; बल्कि मिस्रियों द्वारा उनका उपहास और मजाक उड़ाया जाता था। इन सभी परेशानियों के अलावा वे आपस में भी झगड़ते थे। जीवन बहुत कठिन था। फिर समस्या को और भी कठोर बनाने के लिए, मिस्र के शासक ने घोषणा की कि सभी इस्राएली लड़कों को पैदा होते ही मार डाला जाए! यह कुछ अधिक ही गंभीर सताव था!!! यदि किसी को वास्तव में परमेश्वर को पुकारने की आवश्यकता थी, तो वे इस्राएली थे।






## खगोलीय निरीक्षण

परमेश्वर
**[ महान है ]**

लेकिन परमेश्वर के पास एक योजना थी। जब मूसा पैदा हुआ तब परमेश्वर ने बहुत ध्यान से उसकी देखभाल की और उसे मार डाले जाने से बचाया। मूसा की माँ ने तब तक उसे छुपाये रखा जब तक वह उसे छुपा सकती थी उन बुरे सिपाहियों से जो उसे ले जाकर मार डालते। फिर वह समय आया जब वह उसे और ज्यादा अपने पास नहीं छुपा सकती थी। तब शायद उसे एक बहुत अच्छा विचार आया होगाः परमेश्वर को पुकारे! जब उसकी मां ने उसे एक टोकरी में रखकर नदी में छोड़ दिया तब भी परमेश्वर ने उसका ध्यान रखा। वह डूब सकता था या कहीं दूर बहकर जा सकता था, लेकिन परमेश्वर ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि वह बिल्कुल सुरक्षित रहे। वह नदी उस टोकरी को मिस्त्र के राजा के घर की तरफ ले गया जहां फिरौन की बेटी ने उसे अपने बेटे के रूप में अपना लिया। हमारा परमेश्वर बहुत महान है! मूसा के जीवन के लिए परमेश्वर की एक योजना थी और उसे तब भी देखा था जब वह शिशु टोकरी में रखा हुआ, नदी में बह रहा था। परमेश्वर आपको और मुझे भी देखते हैं और हम सबको पहचानते हैं।

आज हमने एक महत्वपूर्ण पाठ सीखा है कि परमेश्वर को पुकारें। मेरे और आपके लिए समय कठिन हो सकता है। उदाहरण के लिए, हो सकता है कि स्कूल में हमें एक मुश्किल समय से गुजरना पड़ा हो या किसी भाई के साथ लड़ाई हुई हो। सबसे उत्तम काम जो आप कर सकते हो वह है परमेश्वर को पुकारें। इस्त्राएलियों ने भी बिल्कुल वही किया। उन्होंने परमेश्वर को पुकारा और बाइबल बताती है कि परमेश्वर ने उनकी सुनी और उन्हें स्मरण किया। परमेश्वर ने उन्हें देखा और उन्हें जाना। परमेश्वर ने उन पर दया की और उन्हें छुड़ाया। परमेश्वर के पास मूसा के लिए पहले से ही एक योजना थी... इस्त्राएली के रूप में जन्म हुआ, मृत्यु से बचाया गया, एक टोकरी में रखकर बचाया गया, और फिरौन के परिवार में अपनाया गया। इसलिए आओ हम उस पर अमल करें जो आज हमने सीखा है और परमेश्वर को पुकारें!






भोजनालय

## रोबट
(जलपान स्टेशन)

एक बिस्कुट या क्रैकर से शुरुआत करें, कागज पर क्रैकर के चारों ओर रोबोट को बनाएं और उस बिस्कुट पर छोटे चॉकलेट (Gems) रखें।

या...एक स्वस्थ रोबोट बनाने के लिए थोड़ी सी क्रीम मक्खन का उपयोग करें और छोटी कटी हुई जमी हुई सब्जियों पर चिपका दें। यदि आप चाहें तो आप कागज पर पहले से तैयार रोबोट से भी शुरुआत कर सकते हैं।





फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

## टेलिस्कोप

टेलिस्कोप (दूरदर्शक यंत्र) अद्‌भुत चीज हाती है। इनके द्वारा हम पृथ्वी के फैलावट को देखते हैं। पृथ्वी से हम अपने आखों से चन्द्रमा और ग्रहों को अच्छी तरह देख नहीं सकते हैं। वह तो आकाश मे छोटे-छोटे बिन्दुओं के समान लगते हैं। लेकिन टेलिस्कोप के द्वारा हम उसे नजीक देख पाते हैं। ग्रहों में हम ज्वालामुखी, आकाश-गंगा और अन्य रोचक वस्तुएँ देख सकते हैं। टेलिस्कोप के माध्यम से हम दूर के चिजों को पास ही देख सकते हैं।

कभी-कभी हम अपने को क्षुद्र पाते हैं। तारों से भरी हुई संसार में हम अपने को एक छोटी सी तारा के समान अपने को पाते हैं। हम कई बार सोचते हैं कि हमें कोई नहीं देखता, लेकिन परमेश्वर हमें नजीक से देखता है। ऐसा लगता है कि उसके पास एक टेलिस्कोप है और संसार के हजारों लोगों के होते हुए भी वह हमें पास से देखता है।




# परमेश्वर को पुकारें

सांकेतिक भाषा के इन शब्दों को सिखाके कहानी की समीक्षा करने के बाद छात्र किताबें वितरण करें और पहेली को सुलझाने में उनकी मदद करें।

**बच्चा**
हांथ बांधना



**भयभीत**
उंगलियो को छुना और हात खोल के छाती ढंकना।




**परिवार**
अंगूठे से तर्जनी को चक्र के आकार बनाके छुना।






| 14 | 25 | 31 | 29 | 25 | 15 | 29 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| / | = | * | ! | @ | # | : |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | इ | ई | उ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | अ | आ | इ | ई | उ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | ऋ | ए |
| ऐ | क | र | प | छ | ठ | ढ | म | प | ड़ | च | प | झ | क | प | भ | प | घ | क्ष | त्र | ऋ |
| इ | ई | य | ई | ग | आ | ई | ई | उ | प | इ | ई | उ | ख | ए | ऋ | ओ | प | इ | ई | उ |
| ऋ | ए | प | ऐ | झ | इ | ए | क | च | ङ | प | प | इ | च | ऋ | उ | ई | ज | ऋ | ए | ऐ |
| ई | उ | त | प | ह | ऋ | उ | घ | | स | ई | ब | ऋ | घ | उ | ऐ | ष | व | ऋ | ए | उ |
| आ | इ | ई | उ | प | अ | इ | फ | प | ल | ऐ | प | अ | ध | ऐ | ओ | औ | प | उ | ऋ | इ |
| उ | ऋ | ए | ऐ | थ | आ | ऋ | उ | ऋ | व | ऋ | ए | ऐ | र | उ | इ | ए | ऐ | श | उ | ऋ |
| ए | ऐ | न | | ख | प | अ | आ | इ | ई | उ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | इ | ई | उ | ऐ | अ |
| इ | ई | उ | त | प | ध | आ | इ | ई | उ | ऋ | उ | ऋ | अ | आ | इ | ई | उ | ऋ | उ | ऐ |





| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ध | कु | र | सा | ज | मु | सा | नै | ले |
| श्व | ो | फि | बे | ब | चा | ने | र्ष | सि | प |
| र | र | रौ | थो | श | न | म | पु | स | रि |
| ब | ह | न | दी | टो | क | री | का | आ | वा |
| च्च | य | न | थै | अ | बा | ह | र | न | र |
| ा | ले | दा | न | त | म | अ | प | ना | ने |
| क | ल | स | म | स्य | ाएं | रू | को | ती | क |
| र्नु | ला | म | ा | र | ने | श्र | भु | न्द | ग |
| ता | या | झौ | ख | ी | र | इ | स्त्र | ाए | ल |
| ण | त्र | ता | ऐ | मा | मु | ब्रा | प्र | स | ो |
| घ | क्ष | मी | मि | श्र | ब्र | ही | स्नु | वि | ग |
| टा | छै | को | म | ला | व | म | ाद | ता | ह |

फिरौन
टोकरी
समस्याएं
इब्राहीम
समझौता
दास
इस्त्राएल
मूसा
परिवार
अपनाने
बहन
नदी
मिश्र
लोग
बच्चा
बचाने
बाहर
ईश्वर
मारने
पुकार







इन प्रश्नों का उत्तर दो:

1. बालक मूसा को किसने गोद लिया?
फिरौन की बेटी

2. जब स्कूल में समस्या होती है, तब आपको क्या करना चाहिए?
परमेष्वर को पुकारों

# इंजीनियरिंग




इंजीनियरिंग

## मूसा एक टोकरी में

आवश्यक सामग्रियां:
तैयार किया हुआ चित्र (प्रिंट, कट आउट, और छेद किए हुए)
क्रेयोन्स (या रंगीन पेंसिल, मार्कर, या पेंट)
बांधने के लिए धागा, रिबन या फीता

निर्देश:
1. विद्यार्थी पीछे अपना नाम लिखें और सामने रंग भरें।
2. विद्यार्थी छेद में से फीता लगायें

# अंतरिक्ष खेल

वापस पुल की तरफ चलें

## एक शब्द बनायें


प्रत्येक टीम में से तीन बच्चों को लें, वे बच्चे मंच पर खड़े होंगे और अपने शरीर से उन तीन अक्षरों वाले शब्दों का आकार उन्हें बनाके बताना होगा। इस खेल को कई बार खेला जा सकता है और प्रत्येक टीम को दिये गये समय में मुकाबले को पूरा करना होगा।
जब अगुवा 'शुरू करो' कहेगा, तब वह अगुवा पहला शब्द फुसफुसाते हुए एक टीम से कहेगा और बिना बात किये वे अपने शरीर से उस शब्द को बनाएंगे। केवल उस टीम के दर्शकों को अनुमान लगाना होगा। जब वे सही से बना लेते हैं, तो घड़ी बंद की जाती है और अगुवे को देखना होगा कि सही शब्द का अनुमान लगाने के लिये टीम ने कितना समय लगाया।
यदि आपकी टीम में लड़के और लड़कियों के बीच मुकाबला हैं, तो लड़कियों को उदाहरण के लिए एक शब्द मिलेगा, और मंच पर मौजूद तीन लड़कियां अपने शरीर के साथ शब्द/वस्तु की मुद्राए/आकार बनाएंगी, जबकि दर्शकों में से केवल लड़कियां चिल्लाकर अनुमान लगाएंगी कि वह शब्द क्या है। यदि लड़के इसमें भाग लेते हैं, तो दरअसल वे खुद लड़कियों को जीतने में मदद करते हैं। कुछ सुझाए गए शब्द हैं: कुत्ता, बिल्ली, टोपी, सूरज, सुअर, मस्ती, विमान आदि।


## स्वाद की परीक्षा

प्रत्येक टीम में से एक बच्चे को मंच पर आमंत्रित करें। अलग जायके और बनावट के साथ विभिन्न तरह के व्यंजनों को तैयार करें। हर एक से उस व्यंजन को छिपा कर रखें, और सामने आये हुए दोनों छात्रों के आंखों पर पट्टी बांधें। मंच पर उस छात्र के पास एक समय में एक खाना लायें। उसे चखकर उस व्यंजन की पहचान करनी होगी। इस खेल को और चुनौती वाला बनाने के लिये दूसरे छात्रों को चुप ही रखें ताकि वे इसकी मदद न करें। (आपके कक्षा के बच्चों को उत्तर देने की अनुमति न दें!) प्रत्येक छात्र को जवाब देने के लिए एक ही मौका दिया जाएगा, और सोचने के लिये केवल 10 सैकंड। किसी भी तरह के गंदगी को साफ करने के लिए नैपकिन या तौलिए तैयार रखें। मंच पर के छात्रों को विभिन्न व्यंजनों का अनुमान लगाने के लिये अलग अलग बारी मिल सकती है। वह टीम जो सही तरह से अधिकतर व्यंजनों का सही नाम बतायेगा उसी टीम की जीत होगी।

# 2 दूसरा जलयात्रा
## परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें

अंतरिक्ष बंदरगाहः
मेगास्टारस्







## विस्फोट!
आरंभिक नाटक

आज रोबोट को कप्तान से प्रतिक्रिया करने में बहुत परेशानी होगी, और ऐसा दिखाना होगा जैसे कि उसकी सुनने की क्षमता खो गई हो। कप्तान रोबोट को अभिनंदन करते हुए और यान की उड़ान षुरू करने की कोशिश करते हुए नाटक को षुरू करें, लेकिन रोबोट बिल्कुल ध्यान नहीं देता। जबकि कप्तान रोबोट को सिखाता है और उससे संवाद करने के लिए संघर्ष कर रहा है तब दर्शक उस दिन के वाक्य के प्रति प्रतिक्रिया करते हैः˙ जब अगुवा चिल्लाता है, “परमेष्वर से प्रतिक्रिया करें“, तब बच्चे प्रतिक्रिया करेंगेः पहले अपने हाथ को कान पर लगाते हुए, फिर एक सैनिक की तरह खड़े होते हुए कहेंगे, “हाँ प्रभु, मैं यहाँ हूँ“।
कप्तान बताता है कि आज हम आनंटरेस (Antares) की सैर करेंगे, जो आकाष में के बड़े तारों में से 15वां तारा है, और जो अविश्वसनीय रूप से बड़ा है! आज वे अंतरिक्ष स्टेशन के “बड़े तारों” में उतरेंगे और देखेंगे कि हमारा ब्रह्मांड कितना विषाल है!
( विशय गीत गाओ, फिर ट्रैक को बजाते हुए उड़ान भरें।)
यात्रा करते समय, कप्तान रोबोट से कहता है कि उन्हें आकाष गंगा (जैसे कि वह एक आम रास्ता हो) से होते हुए जाना होगा ताकि वे अपने मुकाम पर सही से पहुँच सके। रोबोट को सही ढंग से सुनाई नहीं देता, और आकाष गंगा का वह प्रवेश उन से छूट जाता है, और उन्हें अगले एक रास्ते से जाना पड़ता है। कप्तान रोबोट में तेल डालता है, और वह कप्तान से सही तरह से प्रतिक्रिया करना शुरू करता है। (अपने मुख्य वाक्य का कई बार प्रयोग करेः˙“परमेष्वर से प्रतिक्रिया करें“ और “हाँ प्रभु, मैं यहाँ हूँ”)
वे थल पर समय पर सुरक्षित बाइबल के अंतरिक्ष प्रशिक्षण के लिए उतरते हैं! (दर्शकों के साथ एक मजेदार उतराव के बाद, मुख्य पाठ को शुरू करें)



## मिशन नियंत्रण से तत्काल सूचना
मुख्य अध्याय मूसा और जलती हुई झाड़ी

मूसा अपने ससुर यित्रो नाम मिद्यान के याजक की भेड़- बकरियों को चराता था; और वह उन्हें जंगल की परली ओर होरेब नाम परमेश्वर के पर्वत के पास ले गया। और परमेश्वर के दूत ने एक कटीली झाड़ी के बीच आग की लौ में उसको दर्शन दिया; और उस ने दृष्टि उठाकर देखा कि झाड़ी जल रही है, पर भस्म नहीं होती। तब मूसा ने सोचा, कि मैं उधर फिरके इस बड़े अचम्भे को देखूंगा, कि वह झाड़ी क्यों नहीं जल जाती। जब यहोवा ने देखा कि मूसा देखने को मुड़ा चला आता है, तब परमेश्वर ने झाड़ी के बीच से उसको पुकारा, कि हे मूसा, हे मूसा। मूसा ने कहा, क्या आज्ञा। उस ने कहा इधर पास मत आ, और अपने पांवों से जूतियों को उतार दे, क्योंकि जिस स्थान पर तू खड़ा है वह पवित्र भूमि है। फिर उस ने कहा, मैं तेरे पिता का परमेश्वर, और इब्राहीम का परमेश्वर, इसहाक का परमेश्वर, और याकूब का परमेश्वर हूं। तब मूसा ने जो परमेश्वर की ओर निहारने से डरता था अपना मुंह ढ़ाप लिया। (निर्गमन 3:1-6)



## प्राप्त होने वाले संदेश ...
(आयत)

“मैं किस को भेजूं, और हमारी ओर से कौन जाएगा?” तब मैं ने कहा, “मैं यहां हूं! मुझे भेज!”
यशायाह 6:8ब



## संदेश रिलै

“परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें!”

इस पाठ के दौरान, जब कभी बच्चे यह सुनते हैं "परमेश्वर से प्रतिक्रिया करो" तो उन्हें अपने हाथ कान पर रखते हुए 'हां प्रभु!" कहते हुए प्रतिक्रिया करने दो' अगला, अपने पैरों को एक सैनिक की तरह पटकते हुए बोलने दो "मैं यहां हूं!"

हमारे परमेश्वर ने मूसा से बात करने में कितना अद्भुत तरीका अपनाया! यह वही कहानी है जिसके बारे में आज हम सीखेंगे। परमेश्वर मूसा को पुकारता है, और वह उसे उसके नाम से जानता था! आज हम सीख रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं जब परमेश्वर हमें पुकारता है, हमें परमेश्वर से प्रतिक्रिया करनी चाहिए!
मूसा अपने भेड़ों की रखवाली करते हुए अपने काम में लगा हुआ था। मूसा वहां पर प्रार्थना या अन्य कोई आत्मिक काम नहीं कर रहा था। अचानक, परमेश्वर उसे पुकारता है जबकि वह काम कर ही रहा था। परमेश्वर ने इस प्रकार नहीं कहा, "अरे जो वहां काम कर रहा है इधर देखो" लेकिन परमेश्वर ने मूसा को उसके नाम से पुकारा। पता नहीं कहां से लेकिन मूसा ने अपना नाम किसी को पुकारते सुना... "मूसा, मूसा" उसने इधर उधर यह देखने की जरूर कोशिश की होगी कि कौन उसे उसके नाम से पुकार रहा है। लेकिन उसके आस पास कोई नहीं था। फिर उसने देखा। वहां पर एक झाड़ी पर आग लगी हुई थी! क्या आपको लगता है कि उसने तुरंत आग बुझाने वाला यंत्र अपने बैग में से निकाला और उस आग को बुझाने लगा होगा? उसे देखकर वह तुरंत उस झाड़ी के पास गया होगा जब उसने देखा कि दरअसल वह झाड़ी जल नहीं रही थी। उस झाड़ी पर आग जरूर लगी थी, लेकिन वह जल नहीं रही थी! उसके बाद वह झाड़ी उससे बातें करने लगी! मूसा ने अवश्य सोचा होगा, "क्या यह परमेश्वर है?" और अगर है तो, "क्या मुझे परमेश्वर से प्रतिक्रिया करनी चाहिए?" आप और मैं आमतौर पर जलते हुए झाड़ियों को नहीं देखते, और परमेश्वर भी आमतौर पर सुनाई देने वाली आवाज़ में हमसे बातें नहीं करते, लेकिन परमेश्वर हर समय हमसे बातें करने की कोशिश करते रहते हैं। परमेश्वर हमेशा आपसे बात करने, आपके साथ समय बिताने और आपको सही मार्गदर्शन देने की कोशिश करते रहते हैं। लेकिन वास्तव में हममें से कुछ ही लोग उनकी आवाज़ को सुन पाते हैं। ज्यादातर लोग परमेश्वर को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। वे भूल जाते हैं कि परमेश्वर जिंदा है और हमसे बातें करना चाहते हैं! परमेश्वर वास्तव में यह आशा करते हैं कि आप परमेश्वर से प्रतिक्रिया करेंगे! क्या सचमुच हमारा परमेश्वर अद्भुत नहीं है?
मूसा भी परमेश्वर को नज़रअंदाज़ करने का चुनाव कर सकता था जैसे हम करते हैं, लेकिन वह रूका और सुनने लगा। फिर उसने अपना हृदय और मुंह को प्रतिक्रिया करने के लिए खोला। उसने इन शब्दों के साथ परमेश्वर को उत्तर दिया, "हां परमेश्वर, मैं यहां हूं"। परमेश्वर के पास इस्त्राएलियों को गुलामी से छुड़ाने के लिए एक योजना थी। वह मूसा को इस्तेमाल करना चाहता था। मूसा ने परमेश्वर की आवाज़ का उत्तर दिया जब उसने वे सरल शब्द कहे, कोई बनावटीपन नहीं, केवल यहः "मैं यहां हूं"। परमेश्वर आपके जीवन के द्वारा भी अद्भुत काम करना चाहते हैं! उनके पास आपके लिए महान और अद्भुत योजनाएं है, लेकिन वह चाहता है कि आप रूकें और उनकी आवाज़ को सुनें। परमेश्वर चाहते हैं कि आप परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें!






## खगोलीय निरीक्षण

### परमेश्वर अविश्वसनीय है



भोजनालय

## मूसा की जलती झाड़ी
(जलपान स्टेशन)

फूलगोभी के छोटे टुकड़े छोटी झाड़ियों की तरह दिखते हैं और उस झाड़ी का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं जिसे मूसा ने जलते हुए देखा था। फूलगोभी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और उसे पकाएं/उबाल लें। आग की लपटों की तरह दिखने के लिए उन्हें टमाटर सॉस या चटनी में डुबोएं!










फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)


## आश्चर्यजनक आकार

क्योंकि परमेश्वर हमारे नाम को जानता है और हमें प्यार करता है, हम अपने आप को संसार में महत्वपूर्ण और बढ़े समझ सकते हैं। जैसा भेनस, मार्स, मरक्युरी और प्लुटो के साम्हने पृथ्वी बढ़ा सा दिखता है (पोस्टर 2 दिखाना)। लेकिन जब तुम पृथ्वी को जुपिटर, साटर्न, युरानस और नेप्टुन से तुलना करोगे तो उसे छोटे पाओगे (पोस्टर 3)। अन्य पोस्टरों को देखो (पोस्टर 4-6) ब्रम्हांड के इतने बढ़े फैलाव में भी परमेश्वर तूम्हे जानता है, लेकिन जब वह तुम्हे पुकारता है, तूम्हे उत्तर देना होगा। तुम अपने आप को महत्वपूर्ण समझ सकते हो, पर यह मत भूलना कि वास्तव में बहुत छोटे हो।




किसी मित्र के साथ डॉट्स और बॉक्स खेलें। बारी-बारी से, दो डॉट्स के बीच एक आड़ा या खड़ा लकीर खींचें। यदि आप अपनी लकीर से एक छोटा बॉक्स पूरा करते हैं, तो बॉक्स में अपना नाम लिखें और दूसरी बारी लें। जब बोर्ड भर जाता है, तो सबसे अधिक बॉक्स वाला खिलाड़ी जीत जाता है।



इन प्रष्नों का उत्तर दो:

1. जलती हुई पेड़ से मुसा के साथ कौन बात कर रहा था? परमेष्वर

2. मुसा ने उनसे क्या कहा? मैं यहां हूं




कैडेट वर्ग

## परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें

सांकेतिक भाषा के इन शब्दों को सिखाके कहानी की समीक्षा करने के बाद छात्र किताबें वितरण करें और पहेली को सुलझाने में उनकी मदद करें।

**मूसा**


अंगूठे से तर्जनी को छुना और खोलते बन्द करते सिर के पास ले जाओ।



**सुनना**

दहिने कान पर हाथ दो। सर बांए तरफ घुमाओ।





**परी**


उंगलियो को कंधे पर रखो और हांथ घुमाओ।


| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | कि | भ | स्म | ढ़ | बु | जी | पो | रा | | के | व |
| ज्ञा | र | हौ | प | वि | त्र | द्र | षी | न्द | ज | ला | न |
| पा | स | न | र | नु | भ | पा | च | प्प | ल | इ्ग | स |
| ल | अ | त्स | मे | क्ष | ए | जे | छै | न | प | द्ध | क |
| न | र | त | श्व | ल | प | थ्रो | है | त्र | द्व | ज्ञा | रा |
| च | चे | ह | र | ा | झि | जि | यो | झा | ड़ी | ज | ह |
| ज | ले | इ | स्त्रा | ए | ली | म | ह | हि | शि | अ | सु |
| वा | ह | रा | यो | ज | अ | नी | ग | ज | सु | जं | ते |
| ब | अ | दू | नै | मी | मि | श्र | ा | उ | नो | ग | थ्य |
| र्ण | ा | त | नों | न | दे | ब | रू | से | कृ | ल | ौ |
| प | उ | ति | न | मि | द्धा | न | ्स | गै | र्अ | भे | ड़ो |


परमेश्वर
इस्त्राएली
आज्ञापालन
पवित्र
कराह
मिद्धान
चप्पल
जमीन
जवाब
जीपोरा
जंगल
भस्म

चेहरा
झाड़ी
जला
भेड़ों
मिश्र
जेथ्रो
सुनो
हरा
दूत

1ण् परमेष्वर
2ण् मैं यहां हूं









इंजीनियरिंग

## जलती झाड़ी



आवश्यक सामग्रियां:
तैयार किया हुआ चित्र (प्रिंट किया हुआ)
क्रयोंस (या रंगीन पेंसिल, मार्कर, या रंग)
टिशू कागज़ के छोटे चौकोल टुकडें
गोंद

निर्देश:
1- झाडी की प्रतियां बनाएं, या बच्चों को अपने आप बनाने की अनुमति दें।
2- शाखाओं में भूरा रंग भरें।
3- टिशु को एक छड़ी, क्रेयोन्स या पेंसिल के साथ कसकर इकट्ठा करें, फिर चित्र पर गोंद की बिंदी लगाएं और उसे दबाकर चिपकायें ताकि वह पत्तियों और आग की लपटों का आकार लें।
4- बच्चें चाहें तो अन्य चीजों को भी अपने चित्रों में बना सकते हैं जैसे कि चट्टान, घाटियां, रेत, जंगल, पहाड, सूरज, बादल, आदि। अच्छी तरह समय दें, ताकि वे रचनात्मक रूप से कला कर सकें।




वापस पुल की तरफ चलें

## पीने का रिलै दौड


प्रत्येक टीम के लिए एक पंक्ति बनाते हुए उनमें से 3 बच्चों को चुनें। कमरे के दूसरी ओर प्रत्येक टीम के लिए एक मेज पर पानी की एक बोतल/जग रखें। भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को एक पेपर कप प्रदान करें।
टीम का पहला बच्चा मेज की ओर दौड़ेगा और उस बोतल में से तब तक पानी पीता रहेगा जब तक कि अगुवा सीटी न बजा दे। वे वापस अपनी टीम की ओर भागते हैं और अगला बच्चा भागकर आता है और पीना शुरू कर देता है...इस तरह खेल आगे बढ़ता है। समय समाप्त होने पर वही टीम जीतती है जिसकी बोतल/जग में सबसे कम पानी बच जाता है - या जिसने पहले अपना पानी खत्म कर लिया है!

## केला खाने की दौड़


प्रत्येक टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक बच्चे का चयन करें, केले को छीलने और खाने के लिये। समस्या यह है कि हमेशा एक हाथ उनकी पीठ के पीछे ही होना चाहिए। जब अगुवा कहेगा “शुरू करो’, तब उन्हें उनके एक हाथ और दांतों का उपयोग करते हुए जल्दी से जल्दी केले को छील कर खाना होगा। जैसे ही केले को छीला जाता है तो जीतने के लिये उन्हें पूरा का पूरा खाना होगा।


# 3 तिसरा जलयात्रा

## परमेश्वर की आज्ञा मानें



## अंतरिक्ष बंदरगाह: वेलोसिस्टार





### विस्फोट!

आरंभिक नाटक




आज रोबोट में फिर से खराबी आती है क्योंकि कल रात उसे अच्छी नींद नहीं मिली, और अब वह एक झपकी लेना चाहता है। हर बार जब भी कप्तान उससे उड़ान शुरू करने के लिये कुछ भी आज्ञा देता है, वह रोबोट उसका पालन ही नहीं करता, और वह ऊबा हुआ दिखता है। जब वे संघर्ष कर रहे होते हैं क्योंकि रोबोट कुछ भी मान नहीं रहा, तब उस समय दर्शकों को उस दिन का वाक्य सिखाये: "परमेश्वर की आज्ञा मानें", प्रतिक्रिया के साथ। बच्चे कूदना और आगे बढ़ना सीखते हैं और कहें "मुझे बढ़ना होगा", और फिर किसी और के साथ अपनी सीट को बदलें! आज के दिन के पाठ का विचार यह है कि बच्चे लगातार अपने सीटों को बदलेंगे, अपने पैर की उंगलियों पर रखते हुए और शब्द को सुनते हुए : "परमेश्वर की आज्ञा मानें" ।

रोबोट शुरुआत में सही से काम नहीं करता और बात करने से अधिक तो शोर मचाता है, लेकिन कप्तान रोबोट को जगाने के लिए एक बड़ा कोका कोला बहुत सारे कॉफैन (caffeine) के साथ देता है। (पोस्टर बोर्ड या गत्ते से एक बड़ा कोक या कॉफैन को बनायें) अब वह रोबोट एक अंतरिक्ष यान, या एक धूमकेतु, या प्रकाश की गति से भी तेजी से सभी जगह पर घूम रहा है!

विषय गीत को गायें, और अंतरिक्ष में उड़ान भरें। इस जगह पर रोबोट को लगता है कि उसे नहीं पता कि वे कहाँ जा रहे हैं, इसलिए कप्तान उसे बताता है। वे सबसे निकटतम तारे के पास जा रहे हैं और अंतरिक्ष स्टेशन "वेलोसिस्टार" (Velocistar) पर उतरेंगे जहाँ वे गति के बारे में सीखेंगे। (उस पूरे समय के दौरान रोबोट सभी जगह पर घूम रहा होता है।)

उन्हें जल्दी से धरती पर उतारें ताकि पूरे हफ्ते की सबसे छोटी यात्रा यह ही हो, फिर वापस पाठ में लौट आयें। (क्योंकि हम सबसे निकटतम तारे का दौरा कर रहे हैं।) नीचे उतरने पर रोबोट पागलों की तरह चारों ओर भागेगा, और कप्तान उसका पीछा करते हुए वे दोनों बाहर निकल जाएंगे।



### मिशन नियंत्रण से तत्काल सूचना

मुख्य अध्याय मिस्र में विपत्तियां


"सो अब सुन, इस्त्राएलियों की चिल्लाहट मुझे सुनाई पड़ी है, और मिस्त्रियों का उन पर अन्धेर करना भी मुझे दिखाई पड़ा है, इसलिये आ, मैं तुझे फिरौन के पास भेजता हूं कि तू मेरी इस्त्राएली प्रजा को मिस्त्र से निकाल ले आए। अब जा, मैं तेरे मुख के संग होकर जो तुझे कहना होगा वह तुझे सिखलाता जाऊंगा।" लेकिन मूसा ने कहा, "हे मेरे प्रभु, कृपया किसी और को तू भेज।" तब यहोवा का कोप मूसा पर भड़का... तब मूसा अपने ससुर यित्रो के पास लौटा और उस से कहा, मुझे विदा कर, कि मैं मिस्त्र में रहनेवाले अपने भाइयों के पास जाकर देखूं कि वे अब तक जीवित हैं वा नहीं। यित्रो ने कहा, "कुशल से जा।"
(निर्गमन 3:9-10, 4:12-18)



### प्राप्त होने वाले संदेश ...

(आयत)

और जो उस की आज्ञाओं को मानता है, वह इस में, और यह उस में बना रहता है: और इसी से, अर्थात उस आत्मा से जो उस ने हमें दिया है, हम जानते हैं, कि वह हम में बना रहता है। 1 यूहन्ना 3:24



### संदेश रिलै

**"परमेश्वर की आज्ञा मानें!"**

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी "परमेश्वर की आज्ञा मानना" सुनते हैं, तब उन्हें खड़े होना है और अपने आसपास चलते हुए, दूसरे विद्यार्थियों से अपनी सीट बदलनी होगी, और "मुझे बढ़ते रहना होगा" कहते हुए प्रतिक्रिया करें।

आज्ञा मानना एक बहुत ही मुश्किल काम है। कोई भी आज्ञा मानना नहीं चाहता। कोई नहीं चाहता कि जो काम वह कर रहा है उसे रोके और किसी और की बात मानें। विशेष रूप से परमेश्वर की आज्ञा मानना और भी कठिन होता है क्योंकि वास्तव में हम उन्हें देख नहीं सकते, और हम ऐसा दिखावा करने की कोशिश करते हैं कि कोई परमेश्वर नहीं है इसलिए उनकी बात मानने की आवश्यकता नहीं है। हर कोई अपने मन की बात करना चाहता है। यदि आप अपने माता-पिता की आज्ञा नहीं मानते, तो क्या आपको पता है, आप अकेले नहीं है! सारी मानवजाति इसी तरह से पैदा हुई है। हम कोई उन छोटे प्यारे प्राणियों की तरह पैदा नहीं हुए जैसे शायद आप सोचते हो। हम सभी स्वार्थ के साथ पैदा हुए है, और सोचते हैं कि सारी दुनिया हमारे चारों तरफ घूम रही है। कई बार जब हमें लगता है कि हमें परमेश्वर की आज्ञा माननी चाहिए लेकिन हम मानना नहीं चाहते, हम किसी तरह उस बात से बच निकलने का उपाय ढूंढते रहते हैं। खैर, यही बात मूसा के साथ भी हुई। परमेश्वर के पास अपने लोगों को गुलामी और सताव से छुड़ाने के लिये एक बहुत ही अनोखी योजना थी। अपने लोगों को छुड़ाते समय वह अपनी महिमा और महानता को भी उसी समय प्रकट करना चाहता था। परमेश्वर ने फैसला किया कि जब तक कि मिस्त्री उन लोगों को जाने देने का निर्णय नहीं ले लेते और परमेश्वर की जीत नहीं हो जाती तब तक वह विपत्तियों, महामारियों और समस्याओं की एक श्रृंखला का इस्तेमाल करते रहेंगे और हर विपत्ती पहले से भी अधिक भयानक होती रहेगी। परमेश्वर चाहते थे कि मूसा ही वह व्यक्ति हो जो फिरौन से बातें करें। मूसा परमेश्वर का जन था, लेकिन मूसा आज्ञा मानना नहीं चाहता था। मूसा जाना नहीं चाहता था। मूसा गिड़गिडाता और बहाने करता रहा कि वह लोगों के सामने बोलने लायक एक अच्छा वक्ता नहीं है और परमेश्वर के लिए अच्छा है कि वह किसी और को ढूंढे। मूसा परमेश्वर से किसी और को भेजने की मांग करता है!!! क्या आपने कभी अपनी मम्मी से आपको कहीं भेजने या कुछ करने से मना करने के लिए जिद किया है? तब आप भी समझ सकोगे कि मूसा ने कैसा महसूस किया होगा। परमेश्वर के पास एक बड़ी योजना थी और मूसा के लिए यह आवश्यक था कि वह परमेश्वर की आज्ञा मानें। परमेश्वर उन सारे बहानों को सुनकर और बच निकलने के प्रयास को देखकर थक चुका था। बाइबल बताती है कि परमेश्वर मूसा पर क्रोधित हुआ! परमेश्वर ने मूसा के साथ जाने और उसकी मदद के लिए एक अन्य व्यक्ति को भेजा। आपको क्या लगता है कि मूसा ने क्या किया होगा??? बिल्कुल सही, अंत में उसने परमेश्वर की आज्ञा मानी!

परमेश्वर की योजना ने अपनी महिमा और आश्चर्यकर्म दिखानी आरंभ की जब मूसा की लाठी एक सर्प में बदल गयी और फिर वापस एक लाठी बन गयी। लेकिन फिरौन ने परमेश्वर के लोगों को छोड़ने से मना किया, इसलिए परमेश्वर ने विपत्तियाँ भेजी, और हर समय फिरौन को मन फिराने का अवसर दिया, लेकिन उसने मन नहीं फिराया। परमेश्वर ने तब एक के बाद एक विपत्तियाँ भेजीः लहू, मेंढ़क, कुटकियां, डांसों के झुण्ड, पशुओं की मृत्यु, फोड़े, ओले, टिड्डयां, अन्धकार और पहलौठों की मृत्यु। इन सबके बाद, फिरौन ने हार मान ली और परमेश्वर की जीत हुई! परमेश्वर के लोग अब जाने के लिए आज़ाद थे। और उन सबने परमेश्वर की महिमा को देखी!

यह सब इसलिए हुआ क्योंकि मूसा ने बहाना बनाना छोडा, खड़ा हुआ और परमेश्वर की आज्ञा मानकर वह गया!



## खगोलीय निरीक्षण

परमेश्वर
**अनोखा है**


भोजनालय

## विपत्तियों

(जलपान स्टेशन)

विद्यार्थियों को विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करते हुए एक मेंढक बनाने का तरीका दिखाएं। मेंढक के शरीर के लिए एक छोटे सेब या बिस्कुट का इस्तेमाल करें। हरे अंगूर, या "लिटिल हार्ट्स" बिस्कुट से पैर बना सकते हैं। आँखों के लिए कैंडी, किशमिश या चॉकलेट के टुकड़े ले सकते हैं। गाजर के एक छोटे टुकड़े से जीभ बनाएं। अतिरिक्त मस्ती के लिए बच्चों को अपने स्वयं के तरीके से मेंढक को बनाने दें।








फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

## गति

परमेश्वर ने संसार में गति को नियुक्त किया। शुरू से ही पृथ्वी को सूर्य के आसपास फेरा लगाने की योजना उसने किया। लेकिन हमें ऐसा नहीं लगता की हम लोग घुम रहे हैं!!! (बच्चों को क्लास में घुमाएं और ऐसे ही क्लास के दूसरे कोने में जाने को कहिए)। कितना कठीन होता होगा यदि हम पृथ्वी का घुमना महसूस करते? जिस प्रकार परमेश्वर ने पृथ्वी पर गति स्थापित किया, उसने हमारे जीवन मे भी गति का योजना बनाया। जीवन के लिए परमेश्वर के योजनाओं मे इन बातों पाई जाति है-कार्य करते रहना, जोखिम उठाना और रास्ता कठीन होने पर भी उसकी आज्ञा को मानना। वास्तवमें गति के विना हम क्लान्त हो जाते हैं और दूसरे चीजों को ढुंढने लगेंगे। जिस प्रकार पृथ्वी घुमता रहता है, परमेश्वर हमें मार्गदर्शन देता रहेगा। हमारे प्रतिउत्तर यह होना चाहिए, “हाँ प्रभु” और उसका आज्ञा पालन।


# कैडेट क्लास




## परमेश्वर की आज्ञा मानें

सांकेतिक भाषा के इन शब्दों को सिखाके कहानी की समीक्षा करने के बाद छात्र किताबें वितरण करें और पहेली को सुलझाने में उनकी मदद करें।

**बचाना**
बांधे हुई हांथ खोलो।



**एक साथ**
मुठी छुना।



**परमेश्वर**
दहिने तर्जनी दिखाओ, हात छाती के पास लाना और खोलना।




**जाओ**
दहिने हाथ से जाने का इशारा



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | मि | बा | जें | फो | ड़े | र | को | मे | हा | रू | न | ति |
| रौ | आ | ज्ञा | पा | ल | न | प्रि | ना | ंढ | य | मि | जे | व |
| न | म्र | खे | ल | टि | डि | यां | भे | क | छ | ड़ी | ठा | के |
| म | क्खि | यों | म्ब | दे | ज | य | क्स | स | गा | ति | भे | जो |
| फू | जो | मु | से | ला | हो | वि | प | त्ति | यों | गां | टा | श |
| ल | रू | सी | अे | भा | ई | र्द | को | से | अं | धे | रा | लो |
| सु | रू | ब | व | न | मू | सा | प | र | मे | श्व | र | म |
| भे | जो | त | रा | ली | का | डा | बो | म | हि | मा | र | क्त |


फिरौन मुसीबत मेंढक फोड़े भेजो
टिडियां भाई रक्त मूसा जय
अंधेरा विपत्तियां मक्खियां हारून परमेश्वर
जेठा महिमा गायों आज्ञापालन छड़ी




इन प्रश्नों का उत्तर दो:


1. क्या षुरूमें मुसा ने परमेष्वरके आज्ञा को माना? नहीं

2. इस्राएलीयों को जाने देने के लिए परमेष्वरने मिश्रियों को क्या किया? उसने विपत्तियां भेजी













# इंजीनियरिंग



इंजीनियरिंग

## अपने जूते उतारो

आवश्यक सामग्रियां:

प्रत्येक छात्र को दो कागज/चार्ट, ऊन या धागा, छेद करने वाली मशीन, कैंची, पेंसिल, पेन, या मार्कर।

निर्देश:

1. कागज या चार्ट पेपर पर बच्चे के पैर का निशान बनाएं (बच्चे एक-दूसरे के पैर के चारों ओर चित्र बना सकते हैं)।

2- जूते के आकार को काट कर अलग करें, फीता बाँधने के लिए छेद करें।

3- प्रत्येक बच्चे को अपने जूतों को अपने पैरों से बाँधने के लिये फीता या स्ट्रिंग के दो टुकड़े दें।

फीता बिलकुल सही बाँधने के बारे में चिंता मत कीजिए। छोटे बच्चों को खुद से फीता बांधने में मजा आता है और इससे उनके छोटे मांसपेशी को काम करने की सीख मिलती है। बड़े बच्चों को लंबे फीते का उपयोग करना ज्यादा अच्छा लगेगा और अच्छी तरह से अपने जूतों के फीते को बांधना पसंद करेंगे।

4- जूते पर नीचे लिखा हुआ वाक्य लिखे:

मैं परमेश्वर से प्रतिक्रिया करूंगा, “हाँ प्रभु, मैं यहाँ हूँ।”

# अंतरिक्ष खेल

वापस पुल की तरफ चलें

## मज़ेदार ध्वनि प्रभाव

अगुवा पहले से ही कुछ ध्वनि प्रभाव की एक सूची तैयार करता है:

1- खांसी , 2- हिचकी , 3- डकार , 4- छींक , 5- ताली , 6- ऊबासी , 7- गुदगुदी हंसी , 8- पैर पटकना , 9- गले को साफ करना

छः खिलाड़ियों को खड़ा करें, प्रत्येक टीम से 3 को बारी-बारी से बदलते हुए। उन्हें निर्देश दें कि जिस क्रम में आप उन सभी ध्वनियों को निकाल रहे हैं उसी क्रम की नकल उन्हें भी करनी होगी। सूची में से पहली ध्वनि को निकाले। उस सूची के अगले में जाएं, सभी खिलाड़ियों को खुद से उन अलग-अलग ध्वनियों को निकालना होगा। फिर पहली और दूसरी ध्वनियों को निकालें, और सभी खिलाड़ियों को भी उन ध्वनियों को निकालनी होगी। फिर तीसरी ध्वनि को भी पहले वालों के साथ जोड़ें, और इसी तरह से एक एक करके सारे। अगर कोई खिलाड़ी ध्वनि सही से नहीं निकाल सका, या किसी ध्वनि को भूल गया, या गलत क्रम में ध्वनि निकालें, तो वह खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। ऐसे और ध्वनियों को जोड़ते रहें जब तक कि एक ही खिलाड़ी बाकी रह न जाएं। उसकी टीम जीत जाएगी!


## चिपचिपा सिर


मुँह पर लगाने वाले टेप (masking tape) को प्रत्येक टीम में से एक व्यक्ति के माथे और दाढ़ी के आस पास लगाएं (चिपचिपे भाग को बाहर की ओर रखते हुए)। एक मेज पर कागज की पटिट्यों को इधर उधर लगायें। खिलाड़ियों को अपने हाथों को पीठ पर पीछे रखते हुए मेज के पीछे दर्शोकों की ओर मुंह किए हुए खड़े होने को कहो। जब आप कहेंगे, “चलो” तब खिलाड़ियों को अपने सिर को मेज के चारों ओर घुमाते हुए जितने कागज के पट्टियों को अपने सिर पर चिपका सकते हैं उतना चिपकाना होगा। दिये गये समय में सबसे ज्यादा पट्टियों को जो खिलाड़ी अपने सिर पर चिपकायेगा वही विजेता होगा।


(अगर किसी बच्चे के लंबे बाल हैं, तो टेप लगाने से पहले बाल पीछे की ओर करें ताकि उसे बाद में किसी भी तरह की परेशानी न हो।)

# 4 चौथा जलयात्रा
## परमेश्वर पर आशा रखें

अंतरिक्ष बंदरगाहः
पनासा







## विस्फोट!
आरंभिक नाटक




आज के वी. बी. एस की शुरूआत कप्तान और रोबोट के लड़ाई से करें कि वे आज कहाँ की सैर करेंगे। कप्तान कहेगा कि आज वे चाँद की सैर करेंगे, लेकिन रोबोट किसी उपग्रह के अंतरिक्ष स्टेशन पर जाना चाहता है। जैसे वे उड़ान शुरू करने की तैयारी करते हैं तो उधर वे दोनों आगे-पीछे लड़ते रहेंगे। लड़ाई को जारी रखते हुए उनके बीच में गाना चलायें ताकि लड़ाई बहुत लंबी लगे। (एक गाना गायें, और उस बीच वे मंच में इधर-उधर लड़ते और भागते हुए दिखे, आदि।)

कप्तान रोबोट को आज के पाठ का महत्वपूर्ण बिंदु और उसकी प्रतिक्रिया सिखाता हैः जब अगुवा कहेगा “परमेश्वर पर आशा रखें”, तब बच्चों को कूदना और मुक्केबाजी करते हुए कहना होगा “मैं तैयार हूँ”, फिर अपने हाथों को मिलायें और नीचे बैठते हुए कहें, “लेकिन मुझे इंतजार करना होगा।”

रोबोट को समझ आता है कि वह गलत है और कप्तान से माफी माँगता है। कप्तान भी मानता है कि उपग्रह भी एक अच्छा विचार है, और कहता है कि अगर रोबोट चाहें तो कल वे उधर जा सकते हैं, क्योंकि अंतरिक्ष यात्री पहले से ही आज का पाठ सीखने के लिए चांद पर इंतजार कर रहे हैं। कप्तान और रोबोट उस समाधान से बहुत ही खुश है-आज चंद्रमा और कल उपग्रह। इस कारण वे एक दूसरे को गले लगाते हैं और चंद्रमा के सैर के लिये उड़ान भरने की तैयारी करते हैं। उड़ान शुरू करने से पहले, रोबोट अपने चाँद में पहनने वाले जूते को चारों ओर ढूंढता है।

कप्तान सबको बताता है कि कैसे हम “स्टेशन पनासा” पर उतरेंगे और अंतरिक्ष यान और इंतजार करने के बारे में सीखेंगे। (यात्रा को जल्दी आरंभ करें और चाँद में पाठ को सीखने के लिये उतरे।)




## मिशन नियंत्रण से तत्काल सूचना
मुख्य अध्याय  दिन में बादल और रात में आग का खम्भा

जब फिरौन निकट आया, तब इस्राएलियों ने आंखे उठाकर क्या देखा, कि मिस्री हमारा पीछा किए चले आ रहे हैं; और इस्राएली अत्यन्त डर गए, और चिल्लाकर यहोवा की दोहाई दी। और वे मूसा से कहने लगे, क्या मिस्र में कबरें न थीं जो तू हम को वहां से मरने के लिये जंगल में ले आया है ? तू ने हम से यह क्या किया, कि हम को मिस्र से निकाल लाया ? क्या हम तुझ से मिस्र में यही बात न कहते रहे, कि हमें रहने दे कि हम मिस्रियों की सेवा करें ? हमारे लिये जंगल में मरने से मिस्रियों की सेवा करनी अच्छी थी। मूसा ने लोगों से कहा, डरो मत, खड़े खड़े वह उद्धार का काम देखो, जो यहोवा आज तुम्हारे लिये करेगा; क्योंकि जिन मिस्त्रियों को तुम आज देखते हो, उनको फिर कभी न देखोगे। यहोवा आप ही तुम्हारे लिये लड़ेगा, इसलिये तुम चुपचाप रहो।
(निर्गमन 14:10-14)



## प्राप्त होने वाले संदेश ...
(आयत)

“क्योंकि यहोवा न्यायी परमेश्वर है;
क्या ही धन्य हैं वे जो उस पर
आशा लगाए रहते हैं!” यशायाह 30:18ब



## संदेश रिलै

“परमेश्वर पर आशा रखें!”

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी "परमेश्वर पर आशा रखें" सुनते हैं, तब उन्हें कूदना है और अपने हाथों से बोक्सिंग करनी होगी, और फिर कहना होगा कि "मैं तैयार हूँ", उसके बाद अपने दोनों हाथों को जोड़कर “पर मुझे इंतजार करना होगा” कहते हुए बैठ जाएं।

आज हम सीखने जा रहे हैं कि इस्त्राएलियों ने किस तरह परमेश्वर पर आशा लगाना सीखा। मिस्त्रियों ने परमेश्वर के लोगों को जाने की अनुमति तो दी लेकिन तुरंत ही उन्हें इस बात का अफसोस हुआ। और उन्हें वापस गुलामी में लाने के लिये जल्द ही फिरौन उन लोगों का पीछा करने लगा। यह ऐसा होता कि गुलाम न बने रहने की जो बड़ी विजय उन्हें मिली थी वह उनसे छिन जाती। दुश्मन उनका पीछा कर रहे थे और वे डरे हुए थे। यहाँ तक कि, वे शिकायत करने लगे और सोचने लगे कि उन्हें वापस मिस्त्र में लौट जाना चाहिए। उन्होंने दरअसल सोचा कि उनके लिये स्वतंत्र रहने से बेहतर होगा कि वे वापस गुलामी में चले जायें क्योंकि उस मरूस्थल में उनके दुश्मन उनका पीछा कर रहे थे। आखिरी काम जो वे करना चाहते थे वह था कि वे परमेश्वर पर आशा लगाएं।



क्या यह विचित्र बात नहीं है कि लोग तब भी डरे हुए थे जबकि उन्होंने परमेश्वर की महिमा को देखा था जो उन्हें सुरक्षित रखे हुई थी? जब वे यात्रा कर रहे थे तब परमेश्वर ने इन लोगों के लिए बहुत आश्चर्यकर्म किए! परमेश्वर ने एक बहुत बड़े बादल के खम्भे को भेजा जो दिन में उनकी अगुवाई करता था, और आग के एक बड़े खम्भे को भेजा जो रात के समय उनको अगुवाई और रोशनी देता था! क्या आप कल्पना कर सकते हो कि लगभग दस लाख लोग एक मरूस्थल से जा रहे हैं और उनके सामने एक बादल का खम्भा भी चल रहा है? हम नहीं जानते कि वहाँ पर कुल कितने लोग थे, या वह खम्भा कितना ऊँचा था, लेकिन वहाँ पर एक बहुत बड़ी भीड़ थी और यकीनन् यह कोई छोटी सी मामूली मशाल नहीं थी। (विद्वानों ने गणना की है कि यदि वहां पर 600,000 पुरूष योद्धा थे, तो यकीनन् वहां पर बीस लाख से अधिक लोग रहे होंगे जिसमें स्त्रियां, बच्चे और बुजुर्ग लोग भी शामिल थे।) यह वास्तव में काफी आश्चर्यजनक और महान बात थी! जब वे यात्रा कर रहे थे तब परमेश्वर ने उन्हें उस बड़े अद्भुत चिन्ह के साथ अगुवाई की, लेकिन फिर भी वे डर गये जब उनके दुश्मन उनका पीछा कर रहे थे।




## खगोलीय निरीक्षण

परमेश्वर
**चमत्कारी है**

आप और मैं भी इस्त्राएलियों के समान अक्सर डर जाते हैं जब हम परमेश्वर की आज्ञा मानने की कोशिश करते हैं। कई बार हमारा आसपास का इलाका हमें एक मरूस्थल की तरह दिखने लगता है जहाँ मुडने के लिए कोई रास्ता नज़र नहीं आता और लगता है कि कोई दुश्मन हमारा पीछा कर रहा है। यद्यपि हमने परमेश्वर के आश्चर्यकर्म और महानता को देखा होगा, उसके चमत्कारों को अनुभव किया होगा, और उन अवसरों को याद भी किया कि परमेश्वर ने हमें किस प्रकार बचाया था, लेकिन जब हम डरे हुए होते हैं, तो परमेश्वर पर आशा करना कठिन हो जाता है। इस्त्राएलियों ने सोचा होगा कि उनके पास दो चुनाव हैः या तो भाग जाएं या उनसे लड़े। ऐसा विचार कभी उनके मन में नहीं आया होगा कि चुपचाप वहाँ बैठकर परमेश्वर पर आशा लगाएं। कौन इंतजार कर सकता है जब कोई बुरी बात घटने वाली होती है??? सभी जानते थे कि या तो उन्हें वहाँ से भागना होगा या लड़ना होगा, लेकिन परमेश्वर के पास एक योजना थी। मूसा ने परमेश्वर की योजना को सुनी और सबके साथ आकर बांटा... "यहोवा आप ही तुम्हारे लिए लडेगा, इसलिए तुम चुपचाप रहो।" परमेश्वर की योजना थी कि वह उनके लिए युद्ध करेगा, जबकि उन्हें केवल वहाँ पर परमेश्वर पर आशा करना था!

आप में से कितने बैठकर इंतजार करना पसंद करेंगे? कोई भी नहीं! ये लोग भी समस्या में थे, जैसे कि आप और मैं अक्सर समस्याओं में पड़ जाते हैं। उनके लिए परमेश्वर की योजना केवल परमेश्वर पर आशा लगाना था और परमेश्वर उनके लिए लड़ा। अगली बार जब आप किसी समस्या में पडो, तो परमेश्वर से प्रार्थना करें और देखें कि क्या वह आपके लिए युद्ध करने आता है कि नहीं। आपका काम केवल उन इस्त्राएलियों के समान होगाः परमेश्वर पर आशा करना।






भोजनालय

## बादल की खम्बें

(जलपान स्टेशन)

पॉपकॉर्न या फूले हुए चावल का इस्तेमाल बादलों को प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि मरूभूमि में इस्राएलियों की अगुवाई करना।

बादल का एक खंभा बनाने के लिए, एक लकड़ी की डंडी (लॉलीपॉप स्टिक) को चिपचिपे सिरप/टमाटर सॉस/चटनी में डुबोएं और फिर इसे पॉपकॉर्न या मुरमुरे के कटोरे में डालें ताकि डंडी के चारों और पॉपकॉर्न चिपक जाए। अतिरिक्त मस्ती के लिए बच्चों को अपनी स्वयं की छड़ियाँ बनाने दें!





फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

## स्पेस शटल्स

जब से मनुष्य ने चन्द्रमा को देखा, तब से ही उसने उसमें जाने की इच्छा जताई है। आकाश के यात्रा मे इस बात पर ध्यान दोः "जमीन छोड़ने" के तुरन्त बाद आकाश यात्री "एस्केप भेलोसिटि" पर पहुँचते है और अपने इन्जनको बन्द करके आगे बढ़ते है। जब इन्जन बन्द होता है, उड़ान-यंत्र उसके ज्यादातर स्पीड मे उड़ता है! तुम और हमारे बारे में भी ऐसा ही है। हम भी यह समझते हैं की हमें कठीन परिश्रम करके अपने लक्ष्य प्राप्ति करना है। परन्तु, परमेश्वर हमे बैठने और प्रतिक्षा करने के लिए कहता है, जिस प्रकार आकाश यात्री के साथ होता है। हमें कुछ भी नहीं करना है, और परमेश्वरको कार्य करने देना है। जिस प्रकार आकाश यात्री उपर आकाश में अपने इन्जन को बन्द करके यात्रा करने के लिए विश्वास के साथ चलत हैं, हमें भी याद रखना है कि परमेश्वर जब रूकने के लिए कहता है तब हम वास्तवमें जल्दी यात्रा में आगे बढ रहे हैं!

# परमेश्वर पर आशा रखें

सांकेतिक भाषा के इन शब्दों को सिखाके कहानी की समीक्षा करने के बाद छात्र किताबें वितरण करें और पहेली को सुलझाने में उनकी मदद करें।


**देखना**
दो उंगली आखो से दुर ले जाना।




**वादा**
दाहिने तर्जनी होठों मे से बांए मुठी के उपर दाहिना हात खोल के रखना ।





**मनुष्य**
एक के बाद एक करके अंगूठे से बीच की उंगली को चक्र के आकार बनाके छुना।






| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छो | म | हि | मा | के | सा | थी | म | रें | के | ज़ | अ | ण |
| इ | सि | ला | प्र | र | ण | इ | ने | हा | र्गी | त्तै | नु | पि |
| स्त्र | र्मी | रि | व | अ | म | मे | ग | वा | ही | क्ष | स | प्र |
| त्रा | क | मू | श | लौ | गी | रो | जा | त | स्ने | उ | र | ात |
| ए | ह | सा | न | कि | रे | मा | वी | उ | ह | था | ण | जु |
| ल | कि | लि | ा | क | गि | बा | णा | ज | त्तै | ई | ब | ह |
| प्रि | य | भे | प्र | भु | स्त | द | रि | न | जु | को | न्न | ा |
| प | न्ना | म | रो | टू | ान | ल | क | र्मी | आ | ग | ो | त |
| र | गी | ला | दि | न | रू | द्य | इ | तं | जा | र | उ | र |
| मे | अ | मू | त्य | सै | भ | प्र | च | दि | दी | न | लो | लि |
| श्व | ना | ल्य | वि | ज | य | व | ए | कै | व | को | ग | ई |
| र | ो | श | नी | व्य | ज्त | च | म | त्क | ार | व | ज | न |







अलौकिक
गवाही
आजादी
इंतजार
महिमा
विजय
पन्ना

चमत्कार
अनुसरण
लोग
एहसान
इस्त्राएल
रात
मूसा


रेगिस्तान
परमेश्वर
दिन
आग
भय
रोशनी
बादल

इन प्रश्नों का उत्तर दो:

1. बादल न चलने पर इस्राएलियों को क्या करना था? यहोवा की बाट जोहता रह

2. दिन में परमेष्वरने बादल का प्रयोग किया, रात में उसने किस चिजका प्रयोग किया? आग का खम्भा








इंजीनियरिंग

## गैलेक्सी एक्सप्रेस रॉकेट



• आवश्यक सामग्रियां:
• प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक अंतरिक्ष यान के नमूने की कॉपी
• कैंची (अगर बच्चे खुद से अपने रॉकेट को काट रहे हैं तो। छोटे बच्चों को पहले से ही काटकर तैयार किया हुआ अंतरिक्ष यान देना होगा जिससे वे आसानी से उसको चिपका सकेंगे।)
• क्रेयोन्स या रंगीन पेंसिल
• टेप या गोंद

वैकल्पिक: चित्र को चार्ट पेपर पर चिपकाएँ।

विकल्पः सितारों को चिपकायें या एल्यूमीनियम फोयल कागज़ के छोटे टुकड़ो को सजाने के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है।

निर्देशः

1- सभी टुकड़ों को काट कर अलग करें। सभी मोटी रेखाओं पर काटें।

2- प्रत्येक भाग में रंग भरें।


3- "गैलेक्सी एक्सप्रेस" को एक ट्यूब आकार में डालें और उसे सुरक्षित रखने के लिए एक टेप या गोंद को लगाएं।

4- पंखों पर छोटे नाम लिखें हुए लेबल है जिसे रॉकेट के नीचे की ओर घुसायें। ध्यान रखें कि रॉकेट में डालने से पहले एक दूसरे से जुड़े रहने के लिये उन्हें एक दूसरे के ऊपर विपरित दिषा में क्रोस करके लगायें।

5. बिंदीदार रेखाओं को जोड़ते हुए, कोण बनाएं। रॉकेट के शीर्ष पर उस कोण को टेप से या गोंद से चिपका दें।

6- कोण का आकार बनायें, बिंदीदार रेखा के ऊपर तक उसे टेप या गोंद से चिपकायें। रॉकेट के शीर्ष पर टेप या गोंद से उस लेबल को चिपकाएं।






वापस पुल की तरफ चलें

## कागज़ के भाले भिड़ाना

दो बच्चे भाग लेते हैं जो प्रत्येक टीम से एक एक होगा। बच्चे एक (2" गुणा 6") लकड़ी के टुकड़े पर खड़े होते हैं। खेल का लक्ष्य मुड़े हुए अखबारों का उपयोग ऊपर उठे हुए भाले की तरह करते हुए चोट मारके दूसरे खिलाड़ी को उस बोर्ड से नीचे गिराना है ।

एक पैर ज़मीन पर पड़ते ही खिलाड़ी बाहर हो जाता है। जीतने के लिए बचे हुए खिलाड़ी को अभी भी लकड़ी पर अपना संतुलन बनाए रखना होगा। लकड़ी को बहुत ऊपर न रखें, ताकि किसी बच्चे को चोट न लगे। किसी भी ऐसी चीज़ के ऊपर लपेटे हुए अख़बार का उपयोग करें जो नरम हो और खतरनाक न हो।




## एक पिरामिड बनाओ


5 बच्चों को 10-10 डिस्पोजेबल कप दें और उन्हें एक मेज़ के सामने खड़ा करें। प्रत्येक बच्चे को केवल एक हाथ का उपयोग करते हुए कपों से एक पिरामिड बनाना होगा। सबसे पहले पिरामिड बनाने वाला बच्चा जीतता है!


# 5 पांचवां जलयात्रा

## परमेश्वर की आराधना करें

## अंतरिक्ष बंदरगाह: एक्सप्लोटेलाइट










### विस्फोट!

आरंभिक नाटक

आज वह रोबोट ऐसा दिखा रहा है जैसे कि वह दुनिया का सबसे अच्छा रोबोट है, या यहाँ तक कि ब्रह्मांड का, और वह चाहता है कि कप्तान उसकी तारीफ करें कि वह कितना अनोखा है। कप्तान परमेश्वर की ओर इशारा करते हुए यह कहने की कोशिश करता है कि केवल परमेश्वर ही अनोखा है, न की लोग, लेकिन रोबोट को यकीन था कि वह एकदम सही है।

रोबोट बहुत उत्साहित है कि वह उस उपग्रह में जाएगा जिसमें उसे कल जाना की इच्छा थी। और वह ऐसा दिखाता है कि वहाँ एक महान फिल्म दिखाई जाएगी! वे एक तारे के विस्फोट के साक्षी बनेंगे जिसे सुपरनोवा कहते हैं!

वे जल्दी से अंतरिक्ष स्टेशन “एक्सप्लोटेलाइट” (Explotelite)के उड़ान के लिये तैयार होते हैं जो कि एक उपग्रह है। आप अपने नाटक को आसपास करते हुए जारी रखें, यह दिखाते हुए कि रोबोट सोचता है कि वह बिल्कुल सही काम कर रहा है, लेकिन वास्तव में वह गलतियों पर गलतियाँ किये जा रहा है। उदाहरण के लियेः जहाज उड़ाने के समय, रोबोट मस्ती करता है कि वह हाथों को छोड़ कर उड़ा सकता है, और फिर अपने जूतों को बाँधने के लिये मुड़ता है। जबकि वह अपना ध्यान उस पर से हटाता है, तब कप्तान को एकदम से स्टीयरिंग को पकड़ना पड़ता है ताकि वह उस धूमकेतु के दुर्घटना से सबको बचा सके जो बिल्कुल पास से गुजरा था!

थोड़ी देर के लिए अपनी गलतियों को नहीं देखने के कारण, रोबोट एक बड़ी गलती करता है और उसे बुरा लगता है।

कप्तान आज के वाक्य को कहता हैः “परमेश्वर की आराधना करें”, और यह कि परमेश्वर की आराधना के बारे में हम कैसे बात कर सकते हैं, अपनी नहीं!

कप्तान बच्चों और रोबोट को सिखाता है कि उसके चिल्लाने पर वे प्रतिक्रिया करें, “मैं आपकी आराधना करता हूँ” कहते हुए अपने हाथों को ऊपर की ओर हवा में लहराये।

जैसे ही वे उपग्रह के पास पहुँचते हैं, कप्तान को याद आता है कि वह सही दिशा जानने के लिए मानचित्र (Google Maps) लेकर आना भूल गया है। उसे नहीं पता कि उपग्रह में कैसे जाना है। वे कुछ तो अनुमान लगाते हैं, थोड़ा प्रार्थना करते हैं, दायें मुड़ते हैं, बायें मुडते हैं, और अंत में कैसे तो करके वे सही अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच जाते हैं! कप्तान और रोबोट दोनों ही ध्यान देते हैं कि केवल परमेश्वर ही ने उन्हें सही रास्ता खोजने में मदद की है और वे एक साथ चिल्लाते हैं “मैं आपकी आराधना करता हूँ“ अपने दोनों हाथों को ऊपर हवा में लहराते हुए।

नीचे उतरने के बाद, वे मंच से बाहर निकलते हैं, और आज एक सुपरनोवा के गवाह बनने से काफी रोमांचित थे।



### प्राप्त होने वाले संदेश ...

(आयत)


“याह की स्तुति करो! ईश्वर के पवित्रस्थान में उसकी स्तुति करो; उसकी सामर्थ्य से भरे हुए आकाशमण्डल में उसी की स्तुति करो!”
भजन संहिता 150:1ब



### मिशन नियंत्रण से तत्काल सूचना

मुख्य अध्याय लाल समुद्र को पार करना

फिर यहोवा ने मूसा से कहा, अपना हाथ समुद्र के ऊपर बढ़ा, कि जल मिस्त्रियों, और उनके रथों, और सवारों पर फिर बहने लगे। तब मूसा ने अपना हाथ समुद्र के ऊपर बढ़ाया, और भोर होते होते क्या हुआ, कि समुद्र फिर ज्यों का त्यों अपने बल पर आ गया; और मिस्त्री उलटे भागने लगे, परन्तु यहोवा ने उनको समुद्र के बीच ही में झटक दिया। और जल के पलटने से, जितने रथ और सवार इस्त्राएलियों के पीछे समुद्र में आए थे, सो सब वरन फिरौन की सारी सेना उस में डूब गई, और उस में से एक भी न बचा। परन्तु इस्त्राएली समुद्र के बीच स्थल ही स्थल पर होकर चले गए, और जल उनकी दाहिनी और बाईं दोनों ओर दीवार का काम देता था। और यहोवा ने उस दिन इस्त्राएलियों को मिस्त्रियों के वश से इस प्रकार छुड़ाया; और इस्त्राएलियों ने मिस्त्रियों को समुद्र के तट पर मरे पड़े हुए देखा। तब मूसा और इस्त्राएलियों ने यहोवा के लिये यह गीत गाया। उन्हों ने कहा, मैं यहोवा का गीत गाऊंगा, क्योंकि वह महाप्रतापी ठहरा है; घोड़ों समेत सवारों को उस ने समुद्र में डाल दिया है।। यहोवा मेरा बल और भजन का विषय है, और वही मेरा उद्धार भी ठहरा है; मेरा ईश्वर वही है, मैं उसी की स्तुति करूंगा, (मैं उसके लिये निवासस्थान बनाऊंगा), मेरे पूर्वजों का परमेश्वर वही है, मैं उसको सराहूंगा। (निर्गमन 14:26-30; 15:1-2)



### संदेश रिलै

**परमेश्वर की आराधना करें**

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी "परमेश्वर की आराधना करें" सुनते हैं, तब विद्यार्थियों को अपने हाथों को आकाश की ओर उठाकर “मैं आपकी आराधना करता हूँ” कहते हुए आगे पीछे अपने हाथों को हिलाते हुए प्रतिक्रिया करनी होगी।



जब हमनें कल इस्राएलियों को छोड़ा था, तब वे बड़ी समस्या में थे और अपने दुश्मन के सामने थे जो उनका पीछा कर रहे थे। वे भागना या लड़ना चाहते थे, लेकिन उन्होंने परमेश्वर पर आशा लगाने का चुनाव किया। उन्होंने अपने आप को दुश्मन सेना और विशाल "लाल समुद्र" के बीच फंसे हुए पाया। वे फंसे हुए थे और उन्हें छुड़ाने के लिए वे परमेश्वर पर आशा लगाए हुए थे, और परमेश्वर ने उन्हें छुड़ाया!

आईए परमेश्वर की आराधना करें!

परमेश्वर ने मूसा से कहा कि वह अपनी लाठी को समुद्र की ओर बढ़ाकर पकड़े रहे और तुरंत ही पानी दो भागों में बंटने लगा! पूरा का पूरा विशाल समुद्र दो भाग होकर बंट गया और उनके लिए एक बढ़िया सूखा रास्ता बना दिया जिस पर चलके वे पार जा सकते थे! यह बाइबल के एक बहुत ही अद्‌भुत चमत्कारों में से एक है। समुद्र का बहाव रूक गया और दोनों ओर पानी एक दीवार के समान जम गया जबकि लगभग दस लाख से ज्यादा लोग उस रास्ते से होकर पार चले गये। फिर जब मिस्री लोगों ने उनका पीछा करना चाहा, तो परमेश्वर ने पानी को वापस उनके ऊपर बहा दिया और वे सभी डूब कर मर गये! यह एक उदाहरण है कि परमेश्वर आपके लिए युद्ध करता है! अब उन्हें और कुछ नहीं करना था केवल उस महान आश्चर्यकर्म के लिए परमेश्वर की आराधना करनी थी। क्या आप कल्पना कर सकते हो कि आप सूखी भूमि पर चलते हुए समुद्र को पार कर रहे हो और परमेश्वर आपके दुश्मन पर विजय पाते हुए देख रहे हो, वो भी ठीक आपके आँखों के सामने?

सबसे पहला काम जो उन्होंने किया वह था कि उन्होंने परमेश्वर के लिए गीत गाया और उनके आश्चर्यकर्मो और महानता के लिए परमेश्वर की आराधना की। हमारा भी परमेश्वर और उनके किए हुए आश्चर्यकर्मो के प्रति पहली प्रतिक्रिया यही होनी चाहिए कि परमेश्वर की आराधना करें! जब आप स्कूल में किसी परीक्षा के लिए परमेश्वर की सहायता मांगते हुए प्रार्थना करते हो, और परमेश्वर आपकी मदद करते हैं तो आप वहाँ पर चुपचाप न बैठे। परमेश्वर को धन्यवाद दें! जब आपको लगा कि आपने उस परीक्षा में काफी अच्छा किया है, तो परमेश्वर की आराधना करें! जब आप अपने माता-पिता को आपस में लड़ते झगड़ते देखकर थक जाते हो और जब आप परमेश्वर से उन्हें शांति देने के लिए प्रार्थना करते हो, और तब वे तुरंत झगड़ना रोक देते हैं, तो परमेश्वर की आराधना करें! जब आप परमेश्वर से प्रार्थना करते हो कि वह आपको देखें और कलीसिया में सहायता करने के लिए आपको एक अवसर दें, और किसी कक्षा में अध्यापक आपको उनके सहायक के रूप में मदद के लिए चुनता है तब आप परमेश्वर की आराधना करें। जब आप परमेश्वर से प्रार्थना करते हो कि स्कूल में आपको परेशान करने वाले शरारती बच्चे से आपको बचाये, और तब वह शरारती बच्चा और उसका पूरा परिवार किसी और शहर में चला जाता है, तो परमेश्वर की आराधना करें! परमेश्वर की ओर से अलग अलग तरह की समस्याओं के लिए अलग अलग उत्तर मिलेंगे जिनका हम सामना करते हैं। परमेश्वर निरंतर हमारी सहायता करते रहते हैं और हमारा ध्यान रखते हैं, इसलिए हमें भी वैसी ही प्रतिक्रिया करनी चाहिए जैसा कि इस्राएलियों ने किया: परमेश्वर की आराधना करें!

## खगोलीय निरीक्षण

परमेश्वर
**अद्वैत है**

भोजनालय

## सूखी जमीन पर सागर पार
(जलपान स्टेशन)




खाने में इस्तेमाल किये जाने वाला नीले रंग का उपयोग करके, नीली जेली या गाढ़ा नीला कस्टर्ड बनाएं और जमने के लिए एक बड़े बर्तन में डालें। यदि चाहें, तो पूरी तरह से जमने से पहले मछली को प्रदर्शित करने के लिए छोटे चॉकलेट के टुकड़े या 'Gems' डालें। सूखी भूमि को दर्शाने के लिए मध्य भाग को काट के हटा दें जहाँ से इस्राएली लाल सागर को पार करते समय गुजरे थे।



फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

## सुपर नोभास

कई नक्षत्र इतने बड़े हो जाते हैं और उनके भितर इतना प्रेसर बन जाता है कि वह उस प्रेसर को सह नहीं सकते हैं। इस प्रकार वह बढता ही जाता है और एक समय आता है जब नक्षत्र विस्फोट होकर आकाश पर ही अनेक टुकड़े हो जाता है! वैज्ञानिक इसे सुपर नोभास कहते है। परमेश्वर ने जब इस्राएलीयों को बन्धवाई से छुड़ाया और लाल समुद्र पार करके मृत्यु से बचाया, उनके भीतर कृतज्ञता और आनन्द बहुत बड़े प्रेसर बनाया होगा। मैं कल्पना कर सकता हूँ कि उन्हें भी छुड़ानेवाला परमेश्वर के आराधना में विस्फोट होना पड़ा था! सुपरनोभा के समान ही, तुम और मै भी हमारे जीवन में परमेश्वर के कार्य के प्रति आराधना में विस्फोट हो सकते हैं; हमें बचाने वाले परमेश्वर को धन्यवाद और प्रशंसा देने के लिए!

# परमेश्वर की आराधना करें

सांकेतिक भाषा के इन शब्दों को सिखाके कहानी की समीक्षा करने के बाद छात्र किताबें वितरण करें और पहेली को सुलझाने में उनकी मदद करें।

**गाओ**
बांए हथेली के उपर दाहिने हाथ को आगे पिछे करो।





**जिंदा**
अंगूठे और तर्जनी खोल के हाथें शरीर छाती के सामने उपर नीचे करना।





**उत्सव**
अंगूठे से तर्जनी को छुके घुमाना

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | द्ध | ला | लू | रो | द्य | आ | रा | ध | ना |
| स | मी | थि | रू | ल | स्स | ज्ञ | ल | ज्ञा | मी | घो | प्य |
| लो | न | न | पि | ता | गा | अ | ो | पा | रि | डा | को |
| कि | प | र | मे | श्व | र | नु | क | लन | न्थ | यू | ह |
| स | ू | खा | ने | प्रे | लि | स | प्प | का | द | गी | त |
| मु | पा | र | त | रि | ता | र | ी | फ | मा | श | ए |
| द्र | क | ने | तृ | त्व | फि | ण | घु | मू | भ | क्ति | को |
| चा | र्म | ता | रा | न्न | ा | के | म | सा | म | ण्ड | ली |

आराधना मूसा
विजय गाओ
पिता नेतृत्व
अनुसरण आज्ञापालन
तारीफ गीत
घोडा लाल
शक्ति समुंद्र
पार सूखा
जमीन परमेश्वर

## आराधना








इन प्रश्नों का उत्तर दो:


1. लाल समुद्र पार करते समय इस्राएलियों क्यों भिंगे नहीं? परमेष्वर ने सागर को बांटा और वे सूखी भूमि पर चले।

2. परमेष्वर ने जब इस्राएलियों को मिश्रियों से छुट्कारा दिया तो उनका प्रतिक्रिया क्या था? उन्होंने परमेष्वर की आराधना की












इंजीनियरिंग

## लाल सागर पार करना



आवश्यक सामग्रियां:

• सफेद कागज पर आयत को प्रिंट किया हुआ हो या पहले ही प्रिंट किया हुआ समुद्र का चित्र।

• क्रयोन्स, रंगीन पेंसिल, मार्कर, या पेन्ट

निर्देशः

1- पानी के भाग और सूखी जमीन को रंग करें।

2- बिंदीदार रेखा को काटें या फाडं, सूखी जमीन के भाग तक पहुँचने से पहले रोक दें।

3- उन पट्टियों को एक छड़ी, पेंसिल, या क्रेयोन्स पर कसकर घुमाते हुए लगायें।

विकल्पः नदी के किनारे पर छोटे पत्थरों को गोंद से चिपकाएं।



वापस पुल की तरफ चलें




## उल्कापिंड पकड़

गोल मरोड़े हुए कागज से 20 "उल्कापिंड" बनाएं।

5 बच्चों की टीम इसे बारी-बारी से खेलेंगी।


टीम से एक बच्चे को एक सुरक्षित कुर्सी की ऊपर या एक मंच पर खड़े होने के लिए चुनें, जिसके पास "उल्कापिंडों" से भरा एक कटोरा हो। अन्य 4 बच्चों को उस कुर्सी/मंच से कुछ अच्छी दूरी पर अपने सिर पर मध्यम आकार के कटोरे को पकड़े हुए फर्श पर बैठना होगा और धीरे से एक तरफ से दूसरी तरफ लहराना होगा। प्रत्येक बच्चे को उल्कापिंडों की चोट से उनकी आंखों की रक्षा के लिए चश्मे की एक जोड़ी भी दें!

अब कुर्सी पर खड़े उल्कापिंडों वाले बच्चे को उन्हें एक निश्चित समय सीमा के भीतर उन लहराते हुए कटोरे की और फेंकना होगा, और जितना संभव हो सके उतना प्राप्त करने का लक्ष्य है, समय शायद 30 सेकंड या 1 मिनट हो सकता है।

इस बात को रिकॉर्ड करें कि कितने उल्कापिंड पकड़े गए हैं और अन्य टीमों के साथ खेल को दोहराएं।

अंत में वह टीम जीतती है जो अपने कटोरे में अधिकांश उल्कापिंडों को पकड़ती है!

इस खेल को और अधिक कठिन बनाने के लिए - कुर्सी / मंच पर बच्चा आंखों पर पट्टी बांध सकता है, लेकिन एक वयस्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चा कुर्सी / मंच से नीचे न गिरे!



## केक रिलै

इस खेल का विचार यह है कि प्रत्येक टीम के दो बच्चे एक केक को जितनी जल्दी हो सके एक रिले के रूप में सजाएं जो पूरे दर्शकों को देखने में मजेदार लगे। समय से पहले दो केक तैयार रखें जिन्हें आइसिंग किया गया या सजाया नहीं गया हो। केक को थोड़ा सजाने के लिए एप्रन, आइसिंग, कुछ प्लास्टिक के चाकू और कुछ स्प्रिंकल्स या अन्य सामग्रियां प्रदान करें। जब अगुवा कहता है कि जाओ, तो बच्चे एप्रन पहनते हैं, केक पर लेप लगाते हैं, उसे सजाते हैं, और केक से जल्दी से एक टुकड़ा काटकर खा लेते हैं। सबसे तेज करने वाली टीम विजेता होती है। एक बोनस के रूप में, अपने वीबीएस के अंत में सभी बच्चों के लिए एक मजेदार नाश्ते के रूप में केक प्रदान करें!

# Songs

## 1. Galaxy Express

Let's climb aboard the Galaxy Express
Cause we're children of God and He's the best
We want to see all the greatness of God
He made the world appear with just his voice
If you stay away, you might miss the ride
We're taking off soon so climb inside.

Swerve to the right, woa! Then to the left, Wee!
Hey! Watch out for all those asteroids
We're God's passengers and we want to see
All of the greatness of God.

Swerve to the right, woa! Then to the left, Wee!
Hey! Watch out for all those asteroids
We're God's passengers and we want to see
All of the greatness of God.

## 2. Whole World in His Hands

He has the whole world in His hands,
He has the whole world in His hands,
He has the whole world in His hands,
He has everything in His power.

He has all the stars in His hands,
He has all the stars in His hands,
He has all the stars in His hands,
He has everything in His power.

He has the Milky Way in His hands,
He has the Milky Way in His hands,
He has the Milky Way in His hands,
He has everything in His power.

He has all the galaxies in His hands,
He has all the galaxies in His hands,
He has all the galaxies in His hands,
He has everything in His power.

He has the universe in His hands,
He has the universe in His hands,
He has the universe in His hands,
He has everything in His power.

# 3. We are Moving

Pharaoh was a bully and he wanted us as slaves
But Moses soon confronted him and told him there's no way
That we're just going to bow to him and give him everything
Our hearts belong to God and it is Him we're worshipping.

Because we're moving. We're not just standing still.
God's called us to be moving on, we're going to do His will.
We are moving, that's what our life is now
We don't know everything but know that God will show us how.

Our sin is like old Pharaoh who just didn't want our best,
Then Jesus came like Moses and said He would give us rest.
Jesus dying on the cross was for our liberty
So even if we're making bricks, we know our hearts are free.

# 4. God's Light Shines

God's light shines, all through the galaxy
Cuts through the darkness, shows the way for you and me
Lights up our choices, so we can plainly see
Helps us to know, just what we ought to be

So Jesus, I'm going to give you praise
And with your help, I'll follow you every day.

Ten, nine, eight, launching now so don't be late.
Seven, six, five, we're glad to be alive.
Four, three, two, many things for us to do,
One and Zoom! Excitement in the room.

So Jesus I'm going to give you praise
And with your help, I'll follow you every day.


# 5. Awesome God

Our God is an awesome God
All powerful and mighty
Conquering with authority
Our God is an awesome God

Our God is an awesome God
All powerful and mighty
Conquering with authority
Our God is an awesome God

You are marvelous and you are glorious
Your love has made me victorious
You took away the fear in us
Now we praise you because you, you delivered us

There is no stopping us. No!
Devel, there is no blockin us. No!
Come on and move your hands with us!
Like this, like that




## 6. Clouds and Fire

Clouds and fire, the wilderness was their new home,
Clouds and fire, God showed them they were not alone,
Clouds and fire, His awesome presence every day,
Clouds and fire, He led the people on their way.

Clouds and fire, cool by day, warm at night,
Clouds and fire, our awesome God just does it right.
Clouds and fire, He knows our needs before we do,
Clouds and fire, His endless love for me and you.

Clouds and fire, the wilderness you might be in
Clouds and fire, our mighty God will help you win
Clouds and fire, He is aware of what we fear
Clouds and fire, our loving God is always near.





## 7. I Will Sing to the Lord

I will sing to the Lord forever
His power in His mighty right hand
I will sing to the Lord forever
His power in His mighty right hand

He has thrown into the sea, the chariots of the king
With His mighty power, opened up the sea
The children of God, through the desert the way
To the land God promised, praise His mighty name
Hands in the air, giving glory to the Lord
The joy never ends, we are worshipping our God
And singing this song, so the joy must go on
And to everyone who is here, we say, "Come on!"

He threw in the sea, the chariots of the mighty king.
La la la la la, la la la la la la,
La la la la la la la la.
La la la la la, la la la la la la,
La la la la la la la la.





## 8. Awesome Galaxy

Riding in my rocket ship, around the galaxy
So many stars to see, it's where I want to be.
The stars are beautiful and very cool to see
An awesome galaxy, God made for you and me.

The planets way beyond the atmosphere
Who knows how God made the stars appear?
Amazing God, I can't understand
How you did it all, with your mighty hand.

## 9. My Great, Incredible God

My God is great, and so incredible

He's marvelous you know, I'm saying to you.

Magnificent and He's awesome, too.

My great, incredible God

Is extra-super cool.

## 10. My God is so Great

My God is so great
So strong and so mighty
There's nothing my God cannot do.

The mountains are His
The rivers are His
The stars are His handiwork, too.

My God is so great, great
So strong, strong so mighty
There's not a thing He cannot do.

The mountains He built 'em
The rivers He filled 'em
The stars He made those twinkle, too.

My God is a warrior
So strong fighting for ya
There's nothing my God cannot do.

He made mountains from granite,
And rivers and planets
The moon and the asteroids, too.

# हम आपको आमंत्रित करते हैं ...





## बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम!

चलें एक अंतरिक्ष यात्रा पर जाएं, जहाँ हम परमेश्वर के बारे में और अधिक जानें ।

स्थान:

समय:




हम आपको आमंत्रित करते हैं ...



बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम!
टठै मेंचलें एक अंतरिक्ष यात्रा पर जाएं, जहाँ हम
परमेश्वर के बारे में और अधिक जानें।

स्थानः

समयः




वेकेशन बाइबल स्कूल “गेलैक्सी एक्सपैस” में भागीदार होने के लिए

[ ______________________________ ]

को सम्मानित किया जाता है!

कलीसियाः ____________________